

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर, मंगलवार 14 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्र पक्ष-1 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-225 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.


### गृह मंत्रालय का बड़ा एक्शन

## 9 मैतेई चरमपंथी संगठनों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली, 14 नवंबर।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ी कार्रवाई की है। मंत्रालय ने मैतेई समुदाय से जुड़े 9 कट्टरपंथी संगठनों पर बैन लगा दिया है। गृह मंत्रालय ने जिन संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। उनमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट, यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी शामिल हैं। इनमें पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक और इसकी सशस्त्र शाखा रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी , इसकी सशस्त्र शाखा रेड आर्मी, कांगलेई याओल कनबा लुप , कोआर्डिनेशन कमेटी और एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांगलेईपाक भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, केंद्र सरकार की राय है कि मैतई चरमपंथी संगठनों को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित करना आवश्यक है और तदनुसार केंद्र सरकार निर्देश देती है कि यह अधिसूचना 13 नवंबर, 2023 से पांच साल की अवधि के लिए प्रभावी होगी।

## स्कॉर्पियो से 1 करोड़ 12 लाख जब्त

**बलौदाबाजार, 14 नवंबर।** बलौदाबाजार जिले के कसडोल विधानसभा में स्टैटिक सर्विलांस की टीम ने स्कॉर्पियो से 1 करोड़ 12 लाख रुपए जब्त किया है। जब्त रुपए को पलारी पुलिस को सौंप दिया गया है। वहीं देर रात तक थाने में पैसों की गिनती करते रहे। स्कॉर्पियो सवार ने बताया कि एसबीआई के एटीएम में पैसे डालने जा रहे थे, लेकिन कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। जानकारी के अनुसार, रायपुर से बलौदाबाजार की ओर एक निजी स्कॉर्पियो को खरतोरा नाका के पास चेकिंग के लिए रोका गया। उसमें सीएमएस स्टीकर लगा हुआ था। जिसके अंदर पेटी से 1 करोड़ 12 लाख रुपए कैश भरा मिला। स्कॉर्पियो में बैठे प्रदीप कुमार, सौरभ सिंह डहरिया, गनमैन भागवत प्रसाद द्विवेदी और चालक पुरुषोत्तम ढीढी से एसएसटी टीम ने पैसों के संबध में पूछताछ की। उन्होंने एसबीआई के एटीएम में पैसे डालने जा रहे थे। कैश वाहन नहीं होने के कारण प्राइवेट वाहन में पैसा ले जा रहे थे। लेकिन पैसे के संबंध में कोई वैध दस्तावेज जमा नहीं कर सके। इसलिए तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने रुपयों की जब्ती की कार्रवाई की। ड्यूटी में तैनात कर्मचारी मशीन मंगाकर देर रात 2 बजे तक थाने में पैसे की गिनती करते रहे। इस मामले में तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने बताया कि एसएसटी को वाहन चेकिंग के दौरान एक निजी गाड़ी में पैसे से भरा पेटी मिला।

## गद्दे की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**रायपुर, 14 नवंबर।** शहर के पंडरी के मोवा स्थित एक गद्दे की फैक्ट्री पर आग लग



गई। गद्दे पर आग लगते ही आग भड़क उठी और फैक्ट्री में चारों तरफ फैल गयी। जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी। आग लगते ही आसपास के कमर्शियल इलाकों में भी हड़कंप मच गया। फिलहाल मौके पर एक दमकल की गाड़ी आग बुझाने में लगी है। इसके अलावा और गाड़ियों को भी बुलाया गया। आग लगने की वजह फिलहाल अज्ञात है।

## झूठे दावे-झूठे वादे, कांग्रेस के नहीं नेक इरादे : अनुराग

**रायपुर, 14 नवंबर।** 2018 में किए गए वादे पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने तुकबंदी करते हुए कहा कि झूठे दावे-झूठे वादे, कांग्रेस के नहीं नेक इरादे. भूपेश बघेल भाग रहे हैं. बहुत हुआ सट्टे का खेल, बाय-बाय भूपेश बघेल.



सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एकात्म परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मातृ शक्ति को 500 रुपए महीना देंगे कहा था, नहीं दिया. 500 रुपए में सिलेंडर देंगे कहा था, नहीं दिया. पूर्ण शराबबंदी नहीं की. 5 सालों में लाखों युवाओं को रोजगार नहीं दिया. छात्रों को परिवहन की सुविधा देने का वादा किया था, नहीं दिया. जमीन देंगे, घर देंगे कहा था, नहीं किया. पीएससी में युवाओं के साथ खिलवाड़ किया. गोठान में गड़बड़ी की है. महादेव को भी नहीं छोड़ा. भाजपा नेता ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहला राज्य नहीं है. मैं हिमाचल प्रदेश से आता हूं. उन्होंने हिमाचल की जनता को ठगा. 11 महीने से मुंह दिखाने नहीं आए. हिमाचल प्रदेश की 23 लाख महिलाएं इंतजार कर रही हैं. एक लाख लोगों को रोजगार देने की बात कही थी, नहीं दी पाई.

## युवक की पीट-पीटकर हत्या

**गरियाबंद, 14 नवंबर।** गरियाबंद ज़िले में मामूली विवाद पर युवक की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई. हत्या का आरोप समोदा नगर पंचायत सीएमओ केशराम साहू और उसके रिश्तेदारों पर लगा है, जो घटना के बाद से फरार हैं। पुरा मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदर का है, जहां गोहरापदर में स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ नेमसिंह ध्रुव की आरोपियों ने जमकर पिटाई कर दी. गंभीर रूप से घायल नेमसिंह की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई. ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार के दौरान न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।







## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**भिलाई, 14 नवंबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र डबरापारा पुरानी इंडियन ऑयल डिपो के पास बीती रात सड़क हादसे में बाइक चालक युवक की मौत हो गई बाइक पर पीछे बैठे साथी की हालत गंभीर बनी हुई है प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ली है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि एक्सीडेंट शनिवार-रविवार रात करीब 1 बजे हुआ उस दौरान एचएससीएल कॉलोनी खुर्सीपार निवासी के नरेश ( 40 वर्ष ) बाइक पर सवार होकर भिलाई-3 सिरसा गेट से खुर्सीपार स्थित अपने घर लौट रहा था बाइक के पीछे उसका साथी अमित भारती को बैठा था रात्रि करीबन एक बजे डबरापारा इंडियन आयल पुराना डिपो के पास अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपनी वाहन तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे बाइक चालक के. नरेश एवं पीछे बैठे अमित भारती बाइक सहित गिर गए। एक्सीडेंट में के नरेश के सिर एवं अमित भारती के कमर में हाथ में व पैर में गंभीर चोट आई घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को शासकीय अस्पताल सुपेला लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद के नरेश को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल अमित भारती को शंकराचार्य अस्पताल रेफर कर दिया गया पुलिस ने एक्सीडेंट करने वाले वाहन के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 14 नवंबर।** टाटा इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 दिसम्बर तक जमशेदपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भाग लेगी। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये इंडोर स्टेडियम, सिविक सेंटर, भिलाई में 19 नवम्बर को सुबह 8 बजे से बीएसपी टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित कार्मिक तथा खिलाड़ी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे दिनांक 17 नवम्बर 2023 को दोपहर 2.00 बजे तक इंडोर स्टेडियम, सिविक सेंटर में चयनकर्ताओं के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इस स्पर्धा के लिए प्रवीण उपाध्याय एवं मो. सलीम कुरैषी खिलाड़ियों का चयन करेंगे। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय सशस्त्र बल के साथ किया पैदल मार्च



**भिलाई, 14 नवंबर।** आम जनमानस को सुरक्षित माहौल का एहसास कराने किया11 नवंबर को 06.30 बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री राम गोपाल गर्ग के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव एवम त्योहारी सीजन के मद्देनजर सुपेला एवम दुर्ग क्षेत्र में केंद्रीय सशस्त्र बल के साथ पैदल मार्च किया गया। पैदल भ्रमण में सर्वप्रथम सुपेला क्षेत्र के गदा चौक से 300 से अधिक जवानों के साथ मार्च प्रारंभ किया गया, जिसमे पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिसके बाद सुपेला चौक, आकाश गंगा तक पैदल मार्च किया गया।तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा दुर्ग क्षेत्र में भी पैदल भ्रमण किया गया। भ्रमण को राजेंद्र प्रसाद चौक दुर्ग से प्रारंभ होकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया , असामजिक तत्वों, गुंडे बदमाशो में कानून का डर बनाने हेतु, नशे के खिलाफ कार्यवाही करने, आगामी विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान हेतु तथा आमजनमानस को सुरक्षित माहौल का एहसास कराने बस स्टैंड दुर्ग तक पैदल मार्च किया गया, जिसमें दुर्ग व सुपेला क्षेत्र में करीबन 8 कि.मी. का भ्रमण किया गया। भ्रमण में नगर पुलिस अधीक्षक सुपेला श्री विश्व दीपक त्रिपाठी नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री मणि शंकर चंद्रा एवम थाना प्रभारीगण व केंद्रीय सुरक्षा बलों के 300 से अधिक जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया।

### कारों की टक्कर में दंपती क मौत

**भिलाई, 14 नवंबर।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र दुर्ग- धमधा मार्ग पर ग्राम मेड़ेसरा दोपहर सड़क हादसा हुआ दो कार में टक्कर हुई टक्कर इतनी तेज थी कि कार सवार दंपती की मौत हो गई फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर कर रही है प्रत्यक्षदर्शियों बताया कि एयरबैग नहीं खुल पाने की वजह से दंपती की हादसे में मौत हो गई वहीं हादसे में अन्य गाड़ी में सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मृतक यमुना तिवारी और सुषमा तिवारी बताए गए हैं सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची घायलों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है पुलिस ने बताया कि मृतक अपनी पत्नी सुषमा के साथ कार से धमधा की ओर जा रहे थे घटना स्थल पर विपरीत दिशा से आ रही कार से टक्कर हो गई टक्कर इतना जबर्दस्त थी कि दोनों कार के परखच्चे उड़ गए हादसे के बाद दंपती ने कार में ही दम तोड़ दिया वहीं दूसरी गाड़ी के घायलों को बाहर निकाला गया उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है पुलिस इस मामले में दोनों पक्षों के रिश्तेदारों के बारे में पतासाजी कर रही है।

#### जनसभा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह

# भाजपा सरकार बनेगी तो लोगों को मिलेगा पट्टा:प्रेमप्रकाश पांडेय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 नवंबर।** कांग्रेस राज में पिछले 5 सालों में टायलेट तक साफ नहीं हो सका और आज ये झूठा प्रचार कर भाजपा सरकार के कार्यों को अपना बता रहे हैं। इनके राज में भिलाई अपराध का गढ़ बन गया जहां अपराधी बात-बात पर चाकू चला देते हैं। उक्त बातें आज भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने छावनी में आयोजित जनसभा के दौरान कहीं। इस दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी सभा को संबोधित किया और छावनीवासियों से वादा किया कि भाजपा सरकार बनते ही फिर से विकास होगा और लोगों को पट्टा मिलेगा। छावनी मंगल बाजार में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पाण्डेय ने कहा कि कमल का निशान, विकास की पहचान है और जितना ज्यादा कमल खिलेगा उतना वहां लक्ष्मी आयेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने





पिछले पांच सालों में कोई काम तो नहीं किया लेकिन भाजपा के कार्यों का श्रेय लेकर पर्चा बंटवाने में कमी नहीं छोड़ी। ये लोग घूम-घूमकर लोगों से कह रहे हैं कि इनके कार्यकाल में भिलाई में पानी आया लेकिन आप लोगों ने उनको मुंहतोड़ जवाब दिया आपने बताया कि हम हैं पानी वाले बाबा। भाजपा कार्यकाल में तालाब बना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना, सामुदायिक भवन बना, सड़कें बनी, व्यवस्थाएं बनी लेकिन कांग्रेस राज में एक ईंट भी विकास की जुड़ नहीं पाई। पाण्डेय ने कहा कि आप सभी इन बहरूपियों को पहचानिये इन लोगों ने पट्टा देने का वादा किया था लेकिन सट्टा और पट्टा सब जगह फैला दिया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले भिलाई का नाम पूरे प्रदेश और देशभर में सम्मान से लिया जात था लेकिन आज इसकी पहचान अपराध के गढ़ के रूप में हो गई है। जहां महादेव के नाम पर सट्टा चलाया जा रहा है। भाजपा सरकार के 15 सालों में पूरे प्रदेश में विकास हुआ, आईआईटी जैसा विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान भिलाई में खुला। उन्होंने कहा कि मैं छावनी में आप सभी का आशीर्वाद लेने आया हूं आप लोग प्रेमप्रकाश पाण्डेय को जिताओ और भिलाई सहित पूरे प्रदेश में कमल खिलाओ। भाजपा की सरकार बनते ही एक बार फिर विकास होगा फिर से आगे बढ़ेगा हमारा छत्तीसगढ़।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हमने 15 वर्षों तक प्रदेश में काम किया आज भी लोग हमें चाउर वाले बाबा, पाण्डेय जी को पानी वाले बाबा कहते हैं। लेकिन कांग्रेस राज के 5 सालों में भूपेश बघेल दारू वाले कका के नाम से पहचाने जाने लगे। इन लोगों में कोरोना काल में दवाई भले न पहुंचाई हो लेकिन घर घर दारू जरूर पहुंचाई है। इन लोगों ने भिलाई के वातावरण, शांति और भाईचारे को नष्ट कर दिया है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए घोषणा की है। उन्होंने विवाहित महिलाओं के लिए वार्षिक 12 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने का वादा किया है। वहीं किसान भाइयों को दो साल का बकाया बोनस 25 दिसंबर को देने का वादा किया है ये सब पूरा होगा ये मोदी की गारंटी है। पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार में जो लोग सालों से जेल में थे आज कांग्रेस राज में बेल पर बाहर हैं और कांग्रेस के कार्यकर्ता बनकर लोगों को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं। भिलाई आज अपराध का गढ़ बन गया है जहां खुद सत्ताधारी दल के लोग थाने में फोन कर अपराधियों को छुड़ाते हैं।

## हमास की मध्ययुगीन बर्बरता की उद्योग भारती ने की कड़ी निंदा

**भिलाई, 14 नवंबर।** लघु उद्योग भारती के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने असाधारण बैठक में हमास आतंकवादियों द्वारा इजरायल पर हमास के आतंकियों ने हमला करके जो भी कुकृत्य किए हैं उस पर उन्होंने एवं उपस्थित सदस्यों ने विरोध प्रकट किया सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि पूरी दुनिया अवाक है, स्तब्ध है लोग यह सोचकर और देखकर हैरान हैं कि ऐसे भी लोग हो सकते हैं जो इसराइल के साधारण नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों की हत्या कर सकते हैं, जो बच्चों को उनके अभिभावकों के सामने मार सकते हैं, जो आम नागरिकों को बिना किसी कारण मौत के घाट उतार सकते हैं लड़कियों का अपहरण कर बर्बरता की सारी सीमाएं लाँघ दी। भारतवर्ष के नागरिकों में आम जनों में इस बात का काफी गुस्सा एवं क्रोध है जिसका पुरजोर विरोध अपना देश भारतवर्ष ने



पुरजोर ढंग से किया। मध्य युगीन बर्बरता आज के समय में कर सकने वाले लोग जो अपने को मानव या इंसान कहते हैं पर लानत है, परन्तु जहां आतंकवाद के शिकार रहे भारत की आम जनता इन हमलों के विरोध में सोशल मीडिया पर तथा अन्य माध्यमों से अपना विरोध व्यक्त कर रही थी, लोग इस संकट की घड़ी में यही प्रार्थना कर रहे थे कि कम से कम लोग इस हमले में मारे गए हों, उसी समय भारत में बहुत बड़ा वर्ग ऐसा था, जिसके लिए आम नागरिकों पर हुआ यह हमला कोई हमला न होकर एक प्रतिरोध था। भारत में रहने वाली और खुद को देश की सबसे पुरानी पार्टी होने का दंभ भरने वाली पार्टी ने इस निंदनीय घटना पर जिस प्रकार की प्रतिक्रिया दी है वह शर्मनाक है, इन सारे लोगों की संवेदनहीनता और बेशर्मी की पराकाष्ठा तो तब सामने आई जब इजराइल में महिला का निर्वस्त्र शरीर घुमाया गया, वह जर्मनी की शानी लौक का शरीर था, जो हमले के समय वहां पर पार्टी कर रही थी। बाकी सदस्यों ने भी अपने विरोध को प्रकट करते हुए किसी देश की शांति व्यवस्था उन्नति एवं आर्थिक खुशहाली के लिए आतंकवाद का खात्मा परम आवश्यक है विशेष कर तब जब इस प्रकार के बर्बरतापूर्ण कार्रवाई करने वाले लोग समाज में मौजूद हो क्योंकि आतंकवाद को लेकर भारतवर्ष का रुख हमेशा सख्त रहा है एवं हमास ने जिस प्रकार से इजरायल पर हमला कर आम लोगों की जान ली बंधक बनाया वह एक आतंकवादी एवं अमानवीय कृत है। आतंकवाद जैसे घृणित तथा ज्वलंत समस्या एवं मुद्दे पर जन साझेदारी एवं सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को एक साथ चलना होगा एवं इस प्रकार के किसी भी देश में हो रहे आतंकवाद के हमले का विरोध करना एवं उसकी निंदा करना अति आवश्यक है। बैठक में अन्य लोगों के अतिरिक्त राजेश अग्रवाल पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती सर्विस इकाई अध्यक्ष सुरेंद्र पाठक दुर्गा इकाई पूर्व अध्यक्ष संजय चौबे वरिष्ठ सदस्य पवन बड़जातिया दिलीप अग्रवाल अनूप अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में अन्य उद्यमी तथा व्यापारी बंधु तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति थी।



## कांग्रेस की सत्ता बरकरार रही तो महिलाओं को हर साल मिलेंगे 15 हजार रुपये:देवेंद्र यादव

**भिलाई, 14 नवंबर।** अगर राज्य में कांग्रेस की सत्ता बरकरार रही तो महिलाओं को हर साल 15000 रुपये मिलेंगे। छत्तीसगढ़ गृह लक्ष्मी योजना- महिलाओं के खातों में हर साल 15000 रुपये. न फॉर्म भरें, न लाइन में लगें। यादव ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की फिर सरकार बनी तो छत्तीसगढ़ गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत की जाएगी। जिसके तहत महिलाओं के खातों में हर साल 15 हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिवाली के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ में माता लक्ष्मी की असीम कृपा रहे। मेरा छत्तीसगढ़ अमीर हो, हम गरीबी के अभिशाप को मिटा सकें इस संकल्प के साथ हमारी सरकार ने पांच साल काम किया है।

## ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि ने पीस ऑडिटोरियम में मनाई दिवाली



**भिलाई, 14 नवंबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में दीपों के पर्व महापर्व दीपावली को उमंग उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः राजयोग सत्र के पश्चात भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सभी को दीपावली पर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी अप्राप्ति का कारण इच्छाएं है, मनुष्य आत्माओं से उम्मीद रखना अर्थात परेशान होना। मेरी प्रसन्नता प्रशंसा के आधार पर नहीं होनी चाहिए, जहां अभिमान है वहां प्रसन्नता हो नहीं सकती। जीवन में चीयरफुल अर्थात प्रसन्न-आनंदित तथा केयरफुल सावधान रहे। दीपावली में विशेष घर की कोने-कोने की सफाई कर मां लक्ष्मी जी का आह्वान करते हैं, हमें मन के कोने कोने में भी ईर्ष्या द्वेष रूपी अवगुणों की सफाई कर दिव्य गुणों का आह्वान करना है। शुभकामनाओं,शुभभावनाओ से भरपूर सदा संपन्न, सर्व प्रति स्वरूप बन श्री महालक्ष्मी सामान सर्व की झोलियों को भरना है। इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत दिया जले जगमग, आयो रे शुभ दिन आयो रे, आई दिवाली हैप्पी दिवाली जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी में खुशी,प्रसन्नता उमंग उत्साह का समा बांधकर आनंद से भरपूर कर दिया। परमात्मा को भोग स्वीकार कराने के पश्चात भिलाई की सभी ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा संगठित रूप से दीप प्रज्वलन किया गया। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी, स्नेहा दीदी ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### खपरी सी में माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई

**अंवरी, 14 नवंबर।** ग्राम खपरी सी में माता लक्ष्मी की सुंदर प्रतिमा स्थापित कर भव्य आरती किया गया। जिसमे गांव के सभी लोग पूजा में शामिल हुए और उत्साह से लक्ष्मी पूजा किया गया । माता लक्ष्मी अपनी कृपा सब पर बनाई रखे इस भाव से बाल वृन्द मां लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित किया गया जिसके विसर्जन भाईदूज के दिन भव्य शोभा यात्रा के साथ किया जायेगा।





## टीपीएल वर्कशॉप में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन

**भिलाई, 14 नवंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के टीपीएल वर्कशॉप द्वारा विगत दिनों सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में टीपीएल वर्कशॉप मार्ग फारेस्ट एवेन्यु किया गया। अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल ने वाहन चलाते वक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग एवं गति नियंत्रण का आग्रह किया। संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार फुले ने किया। इस अवसर पर टीपीएल वर्कशॉप के प्रवीण कुमार व्यवहारे एवं समस्त कार्मिक हाथों में तक्तिया लेकर सड़क पर चल रहे यातायात की ओर उन्मुख होकर क्रैश हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधने, वाहन गतिसीमा एवं वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करने संबंधित सावधानियों को प्रदर्शित कर रहे थे।

## आपसी रंजिश के चलते कर दी युवक की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 नवंबर।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है घटना के बाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 302, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है दुर्ग सीएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि सिकोलाभाठा दुर्ग निवासी रवि उर्फ विष्णु राजपूत पेंटर का काम करता था। जिसकी खून से लथपथ लाश श्रमिक प्रतिक्षालय के पास पड़ा मिला जिसका शिनाख्त मोहल्ले के लोगों ने किया। रवि को उपचार के लिए भेजा गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया आसपास से जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने दो संदेहियों को पकड़ा गया जिसका नाम सिकोलाभाठा संग्राम चौक दुर्ग निवासी आयुष यादव उर्फ शुभम और वार्ड 15 सिकोसा बस्ती दिलीप कुमार साहू है दोनों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि रवि के साथ उनकी पुरानी रंजिश थी इस कारण हत्या करना स्वीकार किया मृतक आरोपियों को जगह-जगह मिलने पर चिढ़ाता और मारपीट किया करता था। इससे दोनों युवक खासे परेशान थे घटना को अंजाम देने के बाद दोनों युवक एक्टिवा सीजी 07



बीवाई 7408 से फरार हो गए थे पुलिस ने उसे भी जप्त किया है हत्या में ऐसी भी हुई चर्चा मृतक का आरोपी के बहन का कोई वीडियो उसके पास था। दीवाली की रात आरोपी रवि के साथ मिलकर सामुदायिक भवन में एक साथ शराब पी रहे थे। मृतक रवि ने आरोपी को विवाद के बाद बहन की वीडियों वायरल करने की धमकी दी। इससे परेशान युवक ने अपने पास रखे बटन चाकू से रवि के पेट में घोप दिया लाश को घटनास्थल में छोड़कर फरार हो गए घटना को रात 12.30 बजे परिजन थाने पहुंचे थे उसके बाद पुलिस हरकत में आई और पूछताछ करना शुरु किया था उक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक दुर्ग अजय सिंह मोहन नगर टीआई विजय यादव उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अजय विश्वकर्मा, मोतीलाल महिलवार, आरक्षक अभिषेक यादव, सचिन सिंह, मुकेश यादव, क्रान्ति शर्मा, राजकुमार दलई एवं योगेश गायकवाड़ की विशेष भूमिका रही




## रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन

**भिलाई, 14 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में विगत दिनों शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। सुरेन्द्र कुमार को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। बलराम ठाकुर और गिरीश कुमार अमृत को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार ने कहा कि विजेताओं ने अपने उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के आधार पर यह पुरस्कार प्राप्त किया हैं। उन्होंने सुरक्षित कार्यप्रणाली को अपनाकर आगे भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया। पुरस्कृत कार्मिकगणों ने भी अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने इस पुरस्कार से सम्मानित करने हेतु संयंत्र का आभार प्रकट किया।

## क्षेत्र में घर-घर दीप जलाकर उत्साह से मनाई गई दीपावली

**अंवरी, 14 नवंबर।** रविवार को साल के सबसे बड़े पर्व दीपावली का उत्साह ग्राम अंवरी में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंवरी सहित अंचल में रोशनी के इस पर्व के प्रति हर वर्ग ने दियों की जगमग रोशनी और फटाखो की गूंज से इस महाउत्सव की खुशियों से सराबोर नजर आए।सुबह से ही घरों व विभिन्न प्रतिष्ठानो में उत्साह चरम पर था।मनभावन रंगोली और साफ सफाई से घर-आंगन में रौनकता रही।शाम होते ही जगमग दियों की रोशनी से मनमोहकता बढ़ने लगी।वहीं शुभमुहूर्त में धन की देवी महालक्ष्मी की पूजा अर्चना आरती करते हुए जींवन की खुशहाली के साथ धन के भंडार के सदा भरे रहने की मंगलकामना की गई।इसी तरह रात्रि में ही विभिन्न गौरा चौक में पारंपरिक गौरी-गौरा के गीतों की गूंज व गाजे-बाजे की आवाज से सराबोर होते हुए पर्व की भव्यता में चार चांद लग गया।विधिवत रूप से गौरी-गौरा की स्थापना की गई , साथ ही आदिवासी समाज द्वारा आदिवासी संस्कृति का विविध कार्यक्रम हुआ जिसमें आखाड़ा दल द्वारा अखाड़ा का कार्यक्रम, कर्मा नृत्य की प्रस्तुति, सुवा नृत्य की प्रस्तुति, गोड़ समाज की युवक युवती के द्वारा गोंडी संस्कृति पर आधारित रेलापाता, सुवा नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं लोगों ने एक-दूसरे से मेल-मुलाकात कर आपसी भाईचारे व प्रेम सद्भाव के साथ इस त्यौहार को मनाया गया। पारंपरिक मान्यताओं के आधार पर रोशनी का पर्व दीपावली सनातन धर्म का प्राचीन पर्व माना गया है।यह प्रतिवर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। इस पर्व के साथ अनेक धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। यह पर्व श्रीराम जी के लंकापति रावण पर विजय हासिल करके और चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है।

**एक नजर**

## चुनाव के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण 16 को

**बिलासपुर,14 नवंबर।** जिले में 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण का कार्य 16 नवम्बर को कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से सवेरे 8 बजे से शुरू होगा। सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए बैरिकेडिंग सहित पूरी तैयारियां हो चुकी है। आज प्रार्थना सभाभवन में लगभग 300 कर्मचारियों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक विधानसभावार 20 मतदान केंद्रों पर सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए एक काउंटर बनाया गया है। इस प्रकार 6 विधानसभाओं के लिए कुल 76 कांउटर बनाए गए है। निर्वाचन सामग्री वापसी की कार्यवाही 17 नवम्बर को मतदान संपन्न होने के पश्चात शुरू होगी। वितरण की जाने वाली सभी सामग्रियों की लिस्टिंग उचित तरीके से करने के निर्देश प्रशिक्षण में दिए गए। नगर निगम कमिश्नर एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्री कुणाल दुदावत ने व्यवस्थित मतदान के लिए दलों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान से सबंधित पूरी प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझते हुए अपने कार्यों को पूरा करना आपकी जवाबदेही है।

प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवकुमार बनर्जी ने निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापस लेने के दौरान ड्यूटी देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिले के मास्टर ट्रेनर श्री एमटी आलम ने कहा कि मतदान दल के सदस्यों का ड्यूटी आदेश देखकर, सत्यापन करके ही उन्हें मतदान सामग्री दी जाये। उन्होंने मतदान सामग्री में व्हीव्हीपेट, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, बस्ता, ग्रीन पेपर सील, पिंक पेपर सील, निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति, स्पेशल टैग एवं ब्रेल मतपत्र, वोटिंग कम्पार्टमेंट आदि सामग्री सूची सहित दी जाये तथा मिलान करके वापस सामग्री ली जाये। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि मतदान दलों को वितरण की जाने वाली सामग्री के विषय स्पष्ट जानकारी नाम सहित होना चाहिए। इसके साथ ही दलीय भावना से इस महत्वपूर्ण कार्य का संपादन करना चाहिए। सभी सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन धैर्य पूर्वक करें।

मास्टर ट्रेनर ने सामग्री वितरण करने वाले ड्यूटी स्टाफ को सामान देने और मतदान के बाद सामान जमा करते समय ध्यान रखने वाली बातों को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण में सभी 6 विधानसभा के संबंधित आरओ एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## एसएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई

**बिलासपुरबिलासपुर,14 नवंबर।** । दीवाली के दौरान एसएसटी टीम ने 14.50 लाख रुपए से ज्यादा की संदिग्ध रकम ले जाते हुए पकड़ी है। शहर के मोपका चौक के आगे चिल्हाटी मोड़ पर बनाये गये चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान मन्नाडोल सिरगिट्टी निवासी संजय साहू से 7 लाख रूपए नकद की बरामदगी की गई। इनमें 500 रूपए के 14 बण्डल शामिल है। इसी प्रकार गुरूनानक चौक तोरवा में बनाये गये जांच चौकी में जांच के दौरान मसानगंज निवासी श्री अंशुमन बाजपेयी से 7 लाख 50 हजार रूपए नकद राशि की बरामद की गई है। संबंधितों ने इन रुपयों का कोई सबूत अथवा दस्तावेज नहीं दे पाए। इसलिए रकम जब्त कर ली गई है।

## चुनाव आयोग की होम वोटिंग सुविधा हुई सफल

**बिलासपुर,14 नवंबर।** । चुनाव आयोग की होम वोटिंग की सुविधा जिले में काफी सफल हुई है। पंजीकृत लोगों में से 98 प्रतिशत बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर में मताधिकार का उपयोग किया है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने पहली बार 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र वाले मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को इस बार अपने घर में डाकमत पत्र के जरिए वोटिंग की सुविधा दी है। जिले में पंजीकृत 567 में से 545 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने इस सुविधा का लाभ उठाते हुए घर बैठे मतदान किया है। इस दौरान पंजीकरण कराने के बाद 12 बुजुर्गजनों का निधन भी हो गया। घर पर ही मतदान करने की सुविधा मिलने पर सभी ने गर्व महसूस करते हुए निर्वाचन आयोग के प्रति आभार जताया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 567 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के जरिए घर बैठे मतदान का विकल्प लिया था।



# हमने किसानों का कर्ज माफ किया और 2640 समर्थन मूल्य भी दिया :भूपेश

**गरियाबंद।** जिले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा विशाल जनसंख्या वाले गांव झाखरपर मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिंद्रा ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 5 साल पूर्व राहुल गांधी के कहे अनुसार किसानों का कर्ज माफ किया था और धान का समर्थन मूल्य 25 सौ देने की बात कही थी आज हम 2640 रुपए में धान खरीद रहे हैं और किसानों का हजारों करोड़ का कर्ज माफ किया है आज हम फिर वायदा कर रहे हैं कि अब हम धान 32 सौ में खरीदेंगे और किसानों का कर्ज माफ करेंगे इसी तरह महिला स्वा सहायता समूह की महिलाओं के कर्ज को भी हम माफ करेंगे यह हमारा वायदा है और भूपेश जो कहता है वह करता है कांग्रेस की सरकार कभी झूठ नहीं बोलती . गरियाबंद ।जिले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा विशाल जनसंख्या वाले गांव झाखरपर मे बिंद्रा नवागढ़ के कांग्रेस प्रत्याशी छनक लाल ध्रुव ने कहा कि बिंद्रा नवागढ़ में अब पंजा लहराना है और कांग्रेस को विजय बनाना है भूपेश है तो भरोसा है यह पूरी तरह से कांग्रेस के हमारे महान नेताओं ने सिद्ध कर दिया है सिद्ध कर दिया है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिंद्रा ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 5 साल पूर्व राहुल गांधी के कहे अनुसार किसानों का कर्ज माफ किया था और धान का समर्थन मूल्य 25 सौ देने की बात कही थी आज हम 2640 रुपए में धान खरीद रहे हैं और किसानों का हजारों करोड़ का कर्ज माफ किया है आज हम फिर वायदा कर रहे हैं कि अब हम धान 32 सौ में खरीदेंगे और किसानों का कर्ज माफ करेंगे इसी तरह महिला स्वा सहायता समूह की महिलाओं के कर्ज को भी हम माफ करेंगे यह हमारा वायदा है और भूपेश जो कहता है वह करता है कांग्रेस की सरकार कभी झूठ नहीं बोलती यहां काम करूंगा इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा ÷भूपेश है तो भरोसा है÷ 15 साल अपने भाजपा का और 5 साल आपने हमारा भी देखा है आप तुलना कर लीजिए कि कौन सही है और कौन गलत है किसने आप लोगों का कर्ज माफ किया किसने आपको 2500 प्रति क्विंटल के बदले 2640 में धान खरीद ।बल्कि भारतीय जनता पार्टी ने तो बोनस देने का वादा करके बोनस नहीं दिया किसानो को 21 सौ रुपया धान समर्थन मूल्य पर खरीदने की बात कही थी और नहीं खरीदा । किसने और कौन सी 5 साल की सरकार ने आपको बोनस का वादा किया है और 5 साल पूरा बोनस दिया ।यह रमन सिंह की सरकार नहीं है जो झूठ बोलकर काम निकलने की कोशिश करती है 35 किलो चावल देने की बात कह 7 किलो चावल थमा दिया ।राशन कार्ड बनाकर सत्ता में बैठे और फिर उसे पुनर्निरस्त कर दिया उनकी कोई गारंटी नहीं है ।कांग्रेस की गारंटी है कांग्रेस जो कहती है वह करती है इनका तो काम है ÷राम राम जपना पराया माल अपना ÷ऐसा सुनने में आ रहा है कि भाजपा के लोग अपने कार्यालय में बैठकर फॉर्म भरवा रहे है क्या भाजपा कार्यालय से सरकार का कर्ज माफ हो जाएगा यह कतई संभव नहीं है इन पर भरोसा करना बहुत बड़ी गलती होगी ।कांग्रेस सरकार को अपने भरोसा कर 5 साल दिया था इस बार भी आप भरोसा करके कांग्रेस को जिताइए और कांग्रेस आपको अपना सारे वायदा पूरा करेगा यह मैं कह रहा हूं भूपेश बघेल। देवभोग के भेंट मुलाकात के दौरान आप लोगों ने 20 क्विंटल प्रति एकड धान खरीदी करने की मांग की थी हमने उसे अपने घोषणा पत्र में लागू कर दिया ।यहां सिंचाई बांध की मांग हो रही है हम आप लोगों से वायदा करते हैं कि किसानों की हर मांग विशेष कर बराई सिंचाई सुविधा हम तत्काल उपलब्ध करवाएंगे ।



# जनरल आब्जर्वर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**महासमुंद ,14 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल आब्जर्वर (सामान्य प्रेक्षक) श्री जफर मलिक (भा.प्र.से.) के द्वारा बसना विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण किया जिसमें मतदान केन्द्र कन्याशाला भवन पिथौरा, कनिष्ट बुनियादी शाला पिथौरा, मिडिल स्कूल पिथौरा, शासकीय रंजित कृषि उच्चतर माध्यमिक शाला पिथौरा एवं शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम अर्जुनी शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम राजाडेरा, शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम खुशरूपाली का निरीक्षण किया गया जिसमें आने वाले मतदाताओं के आवागमन सुव्यवस्थित करने हेतु निर्देश दिया, उपस्थित नायाब तहसीलदार पिथौरा बसना को आने वाले दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प बनाने एवं व्हील चेयर रखने का निर्देश दिया गया, भ्रमण के दौरान लाइजनिंग आफिसर श्री अनिल भास्करन (उप वनमण्डलाधिकारी सरायपाली). नायब तहसीलदार पिथौरा प्रकृति सिंग, ए.बी.ई.ओ. द्वारका पटेल, क्षेत्र के पटवारी, बी.एल.ओ. आदि मौजूद थे।

# निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारी डाक मतपत्र से कर रहे मतदान

**बेमेतरा ,14 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधानसभा सामान्य निर्वाचन- 2023 की तैयारियों को जहां अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं निर्वाचन ड्यूटी में लगे 3500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने बीते 9 नवंबर से प्रशिक्षण केन्द्रो में बने सुविधा केंद्रों पर अपना वोट डालना शुरू कर दिए है। विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों मे नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, मतदान दल,बीएलओ, ड्रायवर, डाक मतपत्र से अपना मतदान कर सकेंगे। इसके लिए ज़िला स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्रो के साथ साथ कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 6 में भी मतदान सुविधा केंद्र बनाया गया हैं ।

पहले दिन 9 नवंबर को जिला स्तरीय सुविधा केंद्र में और प्रशिक्षण सुविधा केंद्र में 1034 कर्मियों ने डाक मत पत्र से मतदान किया 7 वही ज़िला स्तरीय सुविधा केंद्र मैं 767 कर्मियों ने अपने मताधिकार का डाक मत पत्र के माध्यम से प्रयोग किया 7 7 विधानसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगे 3395 अधिकारी कर्मचारी ने निर्धारित प्रारूप में डाक मत पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। इनमें से 10 नवंबर तक 1801 मतदान मतदान किया है, 11 नवंबर को 702 अधिकारी-कर्मचारियों ने मतदान किया । आज 13 नवम्बर को 190 कर्मियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया । इस तरह अब तक कुल 2693 निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शेष कल 14 नवंबर को मतदान करेंगे 7 अपर कलेक्टर श्री सी.एल मार्कण्डेय ने बताया कि मतदान सुबह 9<00 बजे से 5<00 बजे तक मतदान हो रहा है। कल 14 नवंबर को डाक मतपत्र से मतदान का आखिरी दिन है।

# आगामी मतदान के लिए मतदान केंद्रों में सुनिश्चित व्यवस्था का प्रेक्षक ने लिया जायजा

**गरियाबंद ,14 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले के दोनों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने आज राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों और जांच नाका का निरीक्षण किया। उन्होंने फिंगेश्वर, कोमा और जामगाँव के मतदान केंद्रों में पहुकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही जामगांव में बनाए गए चेकपोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल द्वारा वाहनों की किए जा रहे चेकिंग का भी अवलोकन किया। प्रेक्षक सुश्री चौधरी ने सक्रियता के साथ वाहनों की चेकिंग कर अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोक लगाने और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रेक्षक ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि क्रियाशील रहे, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम राजिम श्री धनंजय नेताम सहित बूथ लेवल अधिकारीगण मौजूद रहे। प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने राजिम क्षेत्र के मतदान केंद्रों में पहुंचकर सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों में सुनिश्चित की गई आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे रैम्प, लाईट, पेयजल एवं शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान प्रेक्षक सुश्री चौधरी ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से मतदाताओं की जानकारी लेकर सभी मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें चुनाव के दिन 17 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।



## घुमका पुलिस ने की छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई

**राराजनांदगांव 14 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** राजेश साहू पिता मोहन साहू उम्र 34साल साकिन ग्राम कलेवा थाना घुमका,2. राजकुमारप्रजापति पिता बसंत प्रजापति उम्र 36 साल साकिन ग्राम




कलेवा थाना घुमका ,3. सुनील यादव पिता संतोष उम्र 27 साल. साकिन. कलेवा थाना घुमका ,4. धर्मेंद्र आडील पिता राजकुमार आडील उम्र 26 साकिन कलेवा थाना घुमका ,5. घासी राम पिता भगत राम उम्र 28 साकिन कलेवा थाना घुमका घुमका पुलिस के द्वारा दिनांक 10/11/2023 के रात्रि मुखबिर सूचना पर ग्राम कलेवा माधव. वर्मा के घर के पीछे आरोपियों के द्वारा सर्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पाए जाने पर आरोपियों के पास और फड़ से कुल 2010 रूपये नगद तथा 52 ताश पत्ती जप्त किया गया आरोपियों के विरुद्ध थाना घुमका में अपराध क्रमांक 145 /2023 धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की गयी।

## पैसे के लेन-देन के कारण दोस्त बना दोस्त का कातिल

**राजनांदगांव 14 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।**16 साल के बालक ग्राम बिरेझर निवासी थाना सोमनी की अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर दी गई है की सूचना पर थाना सोमनी में मर्ग पश्चात अपराध क्रमांक 267/2023 धारा 302, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के पर्यवेक्षण मे सायबर सेल एवं थाना




सोमनी की टीम गठित कर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक कृष्णा पटेल के नेतृत्व में आरोपी पतासाजी हेतु लगाया गया था। घटनास्थल निरीक्षण तथा मृतक के परिजनों एवं गवाहों का कथन लेने पर यह पता चला कि मृतक गांजा पीने का आदि था जो अपने दोस्तो लुमेश भठरी पिता पवन से पैसे की लेन देन पर सुबह वाद विवाद हुआ था उसी बात को लेकर लुमेश भठरी अपने दोस्त नीलकमल महाजन के साथ मिलकर हत्या करने का प्लान बनाकर दिनांक 11/11/2023 को शाम को बिरेझर बांध नहर के पास जहा पर मृतक पहले से मौजूद था वहां पहुंचे सुबह के झगड़े का बदला लेने की नीयत से उसके सिर पर पत्थर से गंभीर चोट पहुचाकर हत्या कर दिया और घटना स्थल से फरार हो गये। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को पकड़कर पूछताछ किया गया जो जुर्म घटित करना स्वीकार किया जिसे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय नया0 पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सोमनी पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव टीम की सराहनीय योगदान रहा।

## कमला नेहरू महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन

**कोरबा 14 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप के समन्वय से विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कमला नेहरू महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई। कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक रैली में भाग लिया। उनके द्वारा कॉलेज परिसर से इतवारी बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई एवं इतवारी बाजार में मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़-नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी लोगों के समक्ष शपथ पत्र का वाचन कर शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

## रामपुर व पाली-तानाखार विधानसभा के लिए ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट कमीशनिंग की गई

**कोरबा 14 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग झगरहा स्थित आईटी कॉलेज कोरबा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में किया जा रहा है। इसी कड़ी में रामपुर व पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के लिए ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग किया गया। इस दौरान प्रेक्षक श्री सी. के. जमातिया एवं श्री प्रियतु मण्डल ने स्ट्रांग रूम पहुंचकर कमीशनिंग कार्य का जायजा लिया। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत आगामी 17 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्ट्रांग रूम में विधानसभा रामपुर व पाली-तानाखार हेतु मशीनों का कमीशनिंग किया जा रहा है।

## आत्मानंद विद्यालय में भर्ती के नाम पर पैसे की मांग करने वाले के विरुद्ध हुई शिकायत

**कोरबा 14 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** कोरबा जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों मे ऑनलाईन एवं ऑफ्लाईन माध्यम से संविदा भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें आदर्श आचार संहिता लगने के कारण उक्त भर्ती की कार्यवाही स्थगित है। इस कार्यालय को सूचना प्राप्त हुई है कि अनाधिकृत व्यक्ति के द्वारा मो.न. 8981752810 एवं मेल आई.डी. के माध्यम से फर्जी तरीके से आवेदकों को उनके चयन, नियुक्ति आदेश एवं पैसे की लेनदेन हेतु सम्पर्क किया जा रहा है जो इस कार्यालय से संबंधित नही है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोरबा जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के भर्ती से संबंधित सूचना जिले के अधिकृत वेबसाईट ूणवतइंण्हवअण्पद मे अपलोड की जाएगी।

संपादकीय

## केंद्रीय नियंत्रण के औजार?

केंद्र के प्रतिनिधि के तौर पर राज्यपालों से अपेक्षित है कि राज्य में हो रही गतिविधियों से केंद्र को अवगत रखें तथा जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार को उचित परामर्श दें। लेकिन वे निर्वाचित सरकारों के कामकाज में व्यवधान डालने लगें, यह कतई अपेक्षित नहीं हैं। एक महीने के भीतर केरल की सरकार राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। जबकि केरल, तमिलनाडु और पंजाब सरकारों की तरफ अपने-अपने राज्यपालों के खिलाफ दायर मामले की सुनवाई अभी चल ही रही है। केरल की लेफ्ट फ्रंट सरकार की शिकायत है कि राज्यपाल विधानसभा से पारित विधेयकों पर अपना दस्तखत नहीं कर रहे हैं। ना ही वे विधेयकों को पुनर्विचार के ले विधानसभा को लौटा रहे हैं। ठीक यही शिकायत लेकर पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार भी राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई है। तमिलनाडु में तो डीएमके सरकार और राज्य आरएन रवि के बीच टकराव के कई बिंदु हैं। वैसे यह कहानी सिर्फ इन तीन राज्यों की नहीं है। बल्कि कई ऐसे राज्यों में इसे लगभग इसी तरह दोहराया गया है, जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं है। इस रूप में देखा जाए, तो एक साफ पैटर्न उभरा है। इसलिए विपक्षी दलों की इस शिकायत में दम है कि जिन राज्यों में भाजपा मतदाताओं के समर्थन से सत्ता में नहीं आ पाती, वहां केंद्र में स्थित उसकी सरकार राज्यपालों के जरिए आम प्रशासन को दूभर बनाने का काम करती है। इस तरह संघीय व्यवस्था एवं संवैधानिक भावनाओं का उल्लंघन हो रहा है। तीन राज्यों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसी हफ्ते जो टिप्पणियां कीं, उसका साफ संकेत है कि इस अवस्था से मानवीय न्यायाधीश भी व्यग्र हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे पहले की ऐसे मामले उस तक पहुंचे, राज्यपालों को इन्हें अपने स्तर पर ही निपटा लेना चाहिए। बेशक यह मामला पेचीदा और संवेदनशील है। संविधान के मुताबिक राज्यपाल राज्यों में केंद्र के प्रतिनिधि हैं और उनकी खास गरिमा होती है। केंद्र के प्रतिनिधि के तौर पर उनसे अपेक्षित है कि राज्य में हो रही गतिविधियों से केंद्र को अवगत रखें तथा जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार को उचित परामर्श दें। लेकिन वे निर्वाचित सरकारों के कामकाज में व्यवधान डालने लगें, यह कतई अपेक्षित नहीं हैं। यह सबको याद रखना चाहिए कि भारतीय व्यवस्था में राज्य एक संवैधानिक इकाई हैं- वे केंद्र के मातहत नहीं हैं।

## संसद का शीतकालीन सत्र बहुत छोटा होगा

संसद का शीतकालीन सत्र इस साल भी बहुत छोटा रहने वाला है। पिछले कुछ समय से लगातार संसद के सत्र छोटे होते जा रहे हैं। आमतौर पर हर सत्र एक महीने का होता था और बजट सत्र के दोनों चरण मिला कर दो महीने सत्र चलता था। लेकिन अब सत्र की अवधि कम होती जा रही है और उसमें भी निर्धारित अवधि से पहले ही सत्र समाप्त कर दिया जा रहा है। इसके अलावा हर साल किसी न किसी सत्र के समय देश के किसी न किसी राज्य में विधानसभा चुनाव चल रहे होते हैं तो उस नाम पर भी सत्र देर से बुलाया जाता है और जल्दी समाप्त कर दिया जाता है। इसमें सारी पार्टियां शामिल होती हैं।संसद का शीतकालीन सत्र इस साल चार दिसंबर से शुरू होगा। आमतौर पर शीतकालीन सत्र नवंबर के तीसरे हफ्ते में शुरू होता था और दिसंबर के तीसरे हफ्ते तक यानी एक महीने चलता था। अभी पांच राज्यों के चुनाव चल रहे हैं, जिसके नतीजे तीन दिसंबर को आएंगे। इस वजह से उसके बाद ही संसद सत्र का आयोजन होगा। उसके बाद वैसे भी सत्र ज्यादा नहीं चला सकते हैं क्योंकि क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के लिए सांसदों को जाना होता है। सो, 22 दिसंबर को सत्र समाप्त किया जा रहा है। पिछले साल इसी तरह गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव की वजह से संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू हुआ था और दो हफ्ते में ही समाप्त हो गया था।

# मासूम और चमकती आँखों का बचपन बदहाल क्यों?

बाल दिवस


ललित गर्ग



**इतना ही नहीं, हम अपने स्वार्थ एवं आर्थिक प्रलोभन में इन बच्चों से या तो भीख मंगवाते हैं या वेश्यावृत्ति में लगा देते हैं। देश में सबसे ज्यादा खराब स्थिति है बंधुआ मजदूरों की जो आज भी परिवार की समस्याओं की भेंट चढ़ रहे हैं।**

बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। हर साल 14 नवंबर को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। भारत के अलावा बाल दिवस दुनिया भर में अलग-अलग तारीखों पर मनाया जाता है। कहा जाता है कि पंडित नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे इसलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में चुना गया। पंडित नेहरू बच्चों को देश के भविष्य की तरह देखते थे। नेहरू ने बच्चों के मासूम चेहरों और चमकती आँखों में भारत का भविष्य देखा। उनका कहना था कि बच्चों का जैसा पालन-पोषण करेंगे वह देश का भविष्य निर्धारित करेगा।' लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य आज नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित एवं बदहाल क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह प्रश्न बाल दिवस मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं।

बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। महान विचारक कोलरिज के ये शब्द-'पीड़ा भरा होगा यह विश्व बच्चों के बिना और कितना अमानवीय होगा यह वृद्धों के बिना?' वर्तमान संदर्भ में आधुनिक पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन शैली पर यह एक ऐसी टिप्पणी है जिसमें बचपन की उपेक्षा को एक अभिशाप के रूप में चित्रित किया गया है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 4-5 से लेकर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर 'हमें क्या लेना है' या ज्यादा से ज्यादा मालिक से दबे शब्दों में उस मासूम पर थोड़ा रहम करने के लिए कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे।



किसी भी राष्ट्र का भावी विकास और निर्माण वर्तमान पीढ़ी के मनुष्यों पर उतना अवलम्बित नहीं है जितना कि आने वाली कल की नई पीढ़ी पर। अर्थात् आज का बालक ही कल के समाज का सृजनहार बनेगा। बालक का नैतिक रूझान व अभिरूचि जैसी होगी निश्चित तौर पर भावी समाज भी वैसा ही बनेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि बालक नैतिक रूप से जिसे सही समझेगा, आने वाले कल के समाज में उन्हीं गुणों की भरमार का होना लाजिमी है। ऐसी स्थितियों में हम बचपन को शिक्षा की ओर अग्रसर न करके उनसे बंधुआ मजदूरी कराते हैं, इन स्थितियों का उन पर कितना दुष्प्रभाव पड़ता है, और इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं?

कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य मानते नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? मिसाल के तौर पर एक कानून बनाकर हमने बच्चों से उनका बचपन छिनने की कुचेष्टा की है। इस कानून में हमने यदि पारिवारिक कामधंधा या रोजगार है तो 4 से 14 की उम्र के बच्चों से कानूनन काम कराया जा सकता है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह कैसी विडम्बना है कि जब इस उम्र के बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, खानदानी व्यवसाय के नाम पर एक पूरी पीढ़ी को शिक्षा, खेलकूद और सामान्य बाल्य सुलभ व्यवहार से वंचित किया जा रहा है और हम अपनी पीठ थपथपाए जा रहे हैं। बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं। बचपन को लेकर सरकार और समाज का नजरिया कितना विडम्बनापूर्ण है, इसे हमें समझना होगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1979 में बाल मजदूरी के खिलाफएक प्रस्ताव पास किया, जिसे ध्यान में रखते हुए 1986 में भारत सरकार ने बाल श्रम निषेध एवं विनियम कानून का रूप दिया। इस कानून को गुरुपाद स्वामी समिति की सिफारिशों पर 14 अगस्त 1987 को मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई। इस नीति का उद्देश्य बच्चों को रोजगार से हटाकर उनका समुचित रूप से पुनर्वास कराना था, इस कानून के मुताबिक 5 से 14 साल के बच्चे काम नहीं करेंगे और यदि करते हुए पाए गए तो काम कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान बनाया गया। साथ ही 64 ऐसे क्षेत्र निर्धारित किए गए थे जो बच्चों के काम करने के लिहाज से खतरनाक थे जैसे सिल्क बुनाई, कांच, बीड़ी, कारपैट बुनाई, कोयले की खान आदि। संशोधित बिल में परिवार के कारोबार, एंटरटेनमैंट और स्पोर्टस एक्टिविटी जैसे सैक्टर छोड़कर बाकी सभी सैक्टरों में बालश्रम को प्रतिबंधित किया गया है लेकिन घरेलू रोजगार के नाम पर उनसे कैसा भी काम लिया जा सकता है। इस बिल के साथ ही बहुत सारे एन.जी.ओ. ने इस बिल की बारीकियों पर ध्यान देना शुरू किया। बचपन बचाओ आंदोलन, चाइल्ड फंड, केयर इंडिया, तलाश एसोसिएशन, चाइल्ड राइट्स और ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर आदि संस्थाओं ने बाल श्रम खत्म करने की दिशा में इस बिल की कमियों को उजागर करते हुए संदेह जताया है कि इसके लागू होने पर बच्चों के बचपन और शिक्षा के अधिकार का हनन होगा क्योंकि अगर वे घर पर ही पारिवारिक व्यवसाय के नाम पर मजदूरी करेंगे तो पढने-लिखने, खेलने-कूदने कब जाएंगे। क्या यह उनके लिए समुचित शिक्षा का प्रबंध न कर सकने की अयोग्यता को छिपाना नहीं है? नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए अपना विरोध व्यक्त किया है। चाइल्ड राइट ट्रस्ट की ओर से डाक्टर आर. पदमिनी का कहना है कि बिल में जो भी संशोधन किए गए हैं उसने बच्चों के शोषण और दुरुपयोग के लिए अनौपचारिक रूप से दरवाजे खोल दिए हैं। पर क्या इसी आधार पर उनसे उनका बचपन छीनना और पढने-लिखने की उम्र को काम की भट्टी में झोंक देना उचित है? ऐसे बच्चे अपनी उम्र और समझ से कहीं अधिक जोखिम भरे काम करने लगते हैं। वहीं कुछ बच्चे ऐसी जगह काम करते हैं जो उनके लिए असुरक्षित और खतरनाक होती है जैसे कि माचिस और पटाखे की फैक्टरियां जहां इन बच्चों से जबरन काम कराया जाता है। इतना ही नहीं, लगभग 1.2 लाख बच्चों की तस्करी कर उन्हें काम करने के लिए दूसरे शहरों में भेजा जाता है।

इतना ही नहीं, हम अपने स्वार्थ एवं आर्थिक प्रलोभन में इन बच्चों से या तो भीख मंगवाते हैं या वेश्यावृत्ति में लगा देते हैं। देश में सबसे ज्यादा खराब स्थिति है बंधुआ मजदूरों की जो आज भी परिवार की समस्याओं की भेंट चढ़ रहे हैं। सच्चाई यह है कि देश में बाल अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चे अपराधी न बने इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों के बीच बर्फ-सी जमी संवादहीनता एवं संवेदनशीलता को फिर से पिघलाया जाये। फिर से उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा-पूरा वातावरण पैदा किया जाए। श्रेष्ठ संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व को नई पहचान देने में सक्षम होते हैं। अतः शिक्षा पद्धति भी ऐसी ही होनी चाहिए। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के समुचित विकास के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। ताकि इस बिगड़ते बचपन और भटकते राष्ट्र के नव पीढ़ी के कर्णधारों का भाग्य और भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। ऐसा करके ही हम बाल दिवस को मनाने की सार्थकता हासिल कर सकेंगे।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज ऑफिस मैनेजर्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपके किसी काम की तारीफ होगी। अगर आप कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन करना चाहते हैं, तो घरसे सलाह ले लें। राजनीति से जुड़े लोगों को किसी कार्य के लिए सम्मानित किया जायेगा। अगर आप टारगेट बेस्ड वर्क कर रहे हैं, तो आज वो पूरा कर लेंगे

वृष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा। अपनी आर्थिक स्थिति के हिसाब से खर्चे करें। आज ऑफिस में कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। दाम्पत्य जीवन में भरपूर मधुरता बनी रहेगी, आप अपने परिवार के बीच सुखद समय व्यतीत करेंगे। फैशन डिजाइनर को किसी कस्टमर से अच्छा लाभ होगा।

मिथुन राशि-आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। नर्सिंग के छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। दांपत्य रिश्ते में खुशियां आएंगी, रिश्ते में नयापन महसूस करेंगे। परिवार में किसी की तरक्की से उत्सव का माहौल बनेगा। आज बुजुर्गों के साथ समय बिताये, उन्हें काफी अच्छा लगेगा।

कर्क राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी में लापरवाही न करें। बच्चों के लिए दिन खुशनुमा बनेगा, आज पार्क घूमने जायेंगे। आज ऑफिस में अपने काम पर फोकस करेंगे। आज पुराने दोस्तों से मुलाकात होगी। लवमेट को उनकी पसंद का ड्रेस गिफ्ट कर सकते हैं। मानसिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। बिसनेसमैन सोंच समझकर इन्वेस्टमेंट करें।

सिंह राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज घर में सुख- समृद्धि बढ़ेगी। आज स्कूल टीचर से आपकी मुलाकात होगी। दोस्तों के साथ शाम में कॉफी पीने का प्लान बनायेंगे। आज रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। अगर आप कहीं घूमने जा रहे है तो जरुरी सामान रख लें। आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपके सोशल मीडिया पर फोल्लोवर्स बढ़ेंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी नयी जॉब के योग बन रहे हैं। किसी बात को लेकर आपकी उलझन ख़त्म होंगी। कोई दोस्त आपसे आर्थिक रूप से मदद मांग सकता है। ऑफिस के काम से बाहर जा सकते है। पेट की समस्या से परेशान लोग ऑयली फ़ूड अवॉयड करें। आज भाई-बहनों में अच्छी बॉन्डिंग बनी रहेगी। आज आपकी ओवर इनकम होगी।

तुला राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। आज स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई में लापरवाही न करें। आज आप नया वाहन ले सकते हैं। आज कपड़ा व्यापारियों के कारोबार में अनुकूलता रहेगी, आपके रुके कार्य पूरे होंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का प्रमोशन हो सकता है। किसी दोस्त से जरूरी जानकारी मिलेगी। घरवाले आपका मनोबल बढ़ाएंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। बिसनेसमैन किसी दूसरी कंपनी के साथ पार्टनरशिप कर सकते हैं। आज स्टूडेंट कॉलेज प्रोजेक्ट को बनाने में बिजी रहेंगे। बच्चों को पिकनिक स्पॉट पर ले जायेंगे। बुजुर्गों का भक्ति भाव में मन लगेगा। आज अचानक धन लाभ होने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। जीवनसाथी आज घर के जरुरत का सामान खरीदने के लिए कह सकते है। लवमेट से आज आपको सरप्राइस मिलेगा।

धनु राशि-आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आज कारोबार में कम मेहनत से ही अधिक मुनाफा होगा, लेकिन मेहनत जारी रखें। आज कोई भी मौका हांथ से न जाने दें। आज लवमेट अपने रिश्ते की बात घर से करेंगे, घर वाले इसपर विचार विमर्श करेंगे। बिजनेस में आज अच्छी इनकम होगी। स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए मसालेदार खाना अवॉयड करें।

मकर राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी को दिए रुपए आज आपको वापस मिलेंगे। काम के सिलसिले में दोस्त का घर आना हो सकता है। आज दांपत्य रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए एक दूसरे को समझें। सरकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। आज छात्र अपने डाउट टीचर से क्लियर करेंगे। ऑफिस में किसी प्रेजेंटेशन की जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसको सफलतापूर्वक पूरा करने में आप सफल रहेंगे।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। दोस्त आप पर विश्वास करके कोई बात शेयर करेंगे। बुजुर्गों को खुशनुमा माहौल दें, इससे उनको बेहतर महसूस होगा। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों को अपने कोच से नया सीखने को मिलेगा। अगर आप अविवाहित है तो आपकी शादी की बात आज फाइनल हो सकती है। आज ऑनलाइन कोई सामान आपको काफी पसंद आएगा। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। ऑफिस में दोस्तों के साथ हिल स्टेशन जा सकते हैं। आज काम को लेकर काफी बिजी रहेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। हार्डवेयर कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा, इनकम में बढ़ोतरी होगी। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त होगी। बच्चों के लिए मनपसंद सामान लेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जम कर करें, जल ही आपको सफलता मिलेगी।

व्यंग्य

## कचरे को कचरा मत कहो

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



आह, कचरा! हमारी आधुनिक दुनिया का गुमनाम नायक। यह वास्तव में अविश्वसनीय है कि कैसे पूरी तरह से और पूरी तरह से बेकार कोई चीज़ हमारे जीवन में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आइए कचरे की व्यापक सुविधा की सराहना करने के लिए कुछ समय निकालें। मेरा मतलब है कि इसके बारे में सोचें। जब हमारे घर बेतरतीब और अनावश्यक वस्तुओं से अव्यवस्थित हो जाते हैं, तो हम उन्हें देखते ही देखते कूड़ेदान में फेंक देते हैं! समस्या हल हो गई। यह जादू की तरह है, सिवाय इसके कि एक खरगोश को टोपी से बाहर निकालने के बजाय, हम पुराने केले के छिलके और खाली चिप बैग को एक बदबूदार प्लास्टिक बैग में भर रहे हैं और इसे खत्म कर रहे हैं। और आइए कचरे के पर्यावरणीय प्रभाव को न भूलें। यह बहुत ही हृदयस्पर्शी है, है ना? मेरा मतलब है, किसे सुरम्य नदी में तैरती हुई प्लास्टिक की बोतलों का दृश्य, या अपशिष्ट कचरे से गुजरते समय बगुले की चीख़ की आवाज़ पसंद नहीं होगी? यह प्रकृति द्वारा इतनी सुंदर गंदगी पैदा करने में किए गए सभी प्रयासों के लिए ÷धन्यवाद÷ कहने का एक तरीका है। लेकिन कचरे के बारे में मेरी सबसे पसंदीदा चीज़ वह तरीका है जिससे यह लोगों को एक साथ लाता है। कुछ भी ÷सामुदायिक बंधन÷ नहीं कहता है, जैसा कि पड़ोसियों को इस बात पर बहस करते हुए देखना कि कूड़ा उठाने की बारी किसकी है, या सुबह होते ही सड़क पर कूड़ा उठाने वाले ट्रकों की मधुर ध्वनि। यह एक दैनिक अनुस्मारक की तरह है कि हम सब एक साथ हैं, बस अपने परिवेश को अच्छा और साफ-सुथरा रखने की कोशिश कर रहे हैं। और आइए गंध को न भूलें। ओह, गंध. उत्साह बढ़ाने और इंद्रियों को जगाने के लिए सड़ते भोजन और गीले कार्डबोर्ड की आनंददायक सुगंध से बेहतर कुछ नहीं है। यह गंधों का कचरागान की तरह है, प्रत्येक पिछले से अधिक तीखा और आक्रामक है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कचरा बीनने वाले हमारे समय के सबसे कम सराहे गए नायकों में से कुछ हैं। तो यहाँ कचरा है, हमारी आधुनिक दुनिया का गुमनाम नायक। इसके बिना, हमें अपने घरों को अव्यवस्थित करने, पर्यावरण को नष्ट करने, अपने पड़ोसियों के साथ संबंध बनाने और अपनी घ्राण इंद्रियों पर हमला करने के नए और रचनात्मक तरीके खोजने होंगे। और वास्तव में, इसके लिए समय किसके पास है जब एक बिल्कुल अच्छा कूड़ादान भरने का इंतज़ार कर रहा हो?

## प्रदूषण से बढ़ गया है बालों का झड़ना?

पर्यावरणीय कारक भी बालों के झड़ने के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं क्योंकि प्रदूषण से बालों में रूखापन, बालों की जड़ों का कमजोर होना और अन्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। बढ़ते वायु प्रदूषण के स्तर को देखते हुए बालों को जहरीली हवा के दुष्प्रभाव से बचाना महत्वपूर्ण हो गया है।आइए आज आपको कुछ ऐसी टिप्स देते हैं, जो बालों को पोषण देने और विषाक्त पदार्थों को खत्म करने में मदद कर सकते हैं।

**घर से बाहर निकलने से बचें**-बालों को प्रदूषण और अन्य विषाक्त पदार्थों से बचाने का सबसे आसान तरीका है कि आप घर से बाहर निकलने से बचें।हालांकि, अगर आपका घर से निकलना बहुत जरूरी है तो पहले अपने सिर को किसी चीज से ढकें। इसके लिए आप हेयर स्कार्फ से लेकर बंडाना और टोपी आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं।यह न सिर्फ एक शील्ड की तरह काम करेगें, बल्कि आपको स्टाइलिश लुक भी देगें।**सल्फेट मुक्त शैंपू और कंडीशनर का करें इस्तेमाल**-बालों को झड़ने से रोकने के लिए सल्फेट मुक्त शैंपू का इस्तेमाल करना लाभदायक है। यह बालों को मॉइस्चराइज करने और पोषण देने में प्रभावी माना जाता है।आप चाहें तो शिकाकाई, मोरिंगा और प्याज के तेल से बने शैंपू को भी चुन सकते हैं।इसके अतिरिक्त फ्रिज और दोमुंहे बालों से बचाव के लिए शैंपू के बाद एक हाइड्रेटिंग कंडीशनर का भी इस्तेमाल जरूर करें।

**हेयर मास्क का इस्तेमाल है जरूरी** -बालों की समस्या से बचाव के लिए हफ्ते में 1 बार बालों को पोषण देने वाले हेयर मास्क का इस्तेमाल जरूरी है।हेयर मास्क आपके बालों को मजबूत भी करेगा और उनके टूटने के साथ रूखेपन को भी रोकेगा।

त्वरित प्रतिक्रिया

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

## अभद्र भाषा से कलंकित हमारा लोकतंत्र

शब्द सम्हारे बोलिए , शब्द के हाथ ना पांव ,
एक शब्द औषधि करे , एक शब्द करे घाव



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शायद कबीर दास जी की इन लाइनों को नहीं पढ़ा है, अथवा वे इन लाइनो की गंभीरता को नहीं समझ पाए हैं ! सदन में जनसंख्या नियंत्रण को परिभाषित करते हुए मुख्यमंत्री सारी हदों को पार कर खुद आलोचना के केंद्र बिंदु पर स्थापित हो गए। मुख्यमंत्री की ÷ हेट स्पीच ÷ शब्द को यहां लिख पाना मेरी मर्यादा को भी कलंकित कर सकता है ! पूरे देश सहित विश्व ने चैनल के माध्यम से उक्त बयान को सुना । विशेष कर महिलाओं को अपमानित करने वाले उक्त वक्तव्य ने भारतवर्ष में नीतीश कुमार के व्यक्तित्व और चरित्र पर ऐसा दाग लगा दिया है , जो शायद कभी ना छूटे । अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री शायद यह नहीं जानते कि वह जिस विषय में बात करना चाह रहे थे , उसे बायोलॉजी के शिक्षक अपनी कक्षाओं में किस शालीनता के साथ बच्चों को समझा जाते हैं । यह कोई नया विषय नहीं था , किंतु कहने का लहजा न होने से खुद पर कीचड़ उछालने का काम कर गए ! मीठी वाणी में जो शक्ति होती है वह शायद किसी अन्य भाषा में नहीं । मनुष्य अपने रंग - रूप, धन - प्रतिष्ठा से नहीं बल्कि अपनी वाणी से अपनी पहचान और मर्यादा स्थापित करता है।

सदियों से मनुष्य इस बात को जानता है की वाणी ही उसकी छवि को प्रतिबिंबित करती है । वहीं दूसरी ओर अभद्र भाषा या ऐसा वक्तव्य जो किसी भी वर्ग को अपमानित करे वह खुद कहने वाले के संस्कारों को शर्मसार करती है । जब अभद्र भाषा का प्रयोग एक शीर्ष राजनेता द्वारा किया जाए तो वह और अधिक सालने वाला होता है । पूरे प्रदेश की जनता आपको अपना आदर्श मानती है । बावजूद इसके शब्दों पर नियंत्रण न रखना प्रशासनिक पदों पर बैठे लोगों की अकर्मण्यता का प्रतीक होता है । आजकल अभद्र भाषा की गंदी राजनीति ने पूरे देश का माहौल बिगाड़ रखा है । पक्ष- विपक्ष के प्रवक्ता एक दूसरे पर जहर उगलने का कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहते हैं ।अभद्र भाषा का तीर छोड़ने के बाद शर्मिंदगी महसूस करना और अपने शब्दों को वापस लेना संभव नहीं है । दूसरी ओर असंसदीय भाषा के बाद हिंसा की संभावना भी प्रबल होती है । हमें यह भी समझने की जरूरत है कि किसी भी क्रिया में अभद्र भाषा का प्रयोग भेदभावपूर्ण मानसिकता को दर्शाता है । इस तरह की भाषा का प्रयोग भाषण , लेखन या व्यवहार में किसी भी तरह का संचार , जो किसी व्यक्ति या समूह के संदर्भ में , उनके धर्म , जातीयता , राष्ट्रीयता , रंग , लिंग या अन्य पहचान कारकों के आधार पर किया जाता है , वह समाज के लिए हानिकारक है । मुख्यमंत्री द्वारा कही गई अभद्र भाषा हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा रही है !

हमारे संविधान की प्रस्तावना में नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना और मूल अधिकारों के अध्याय में समानता की बात कही गई है । यह भी स्पष्ट है कि ÷ हेट स्पीच ÷ के लेख या भाषण का जनता के बीच प्रसारण संगीन अपराध माना जाता है । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने गंदे वक्तव्य में महिलाओं के चरित्र पर जो कीचड़ उछाला है वह इतिहास के काले पन्नों पर दर्ज हो चुका है ! देखा जाए तो हमारे देश की बागडोर सम्हालने वाले राजनीतिज्ञो ने कानून को नफरतों में घोलकर पी लिया है ! यही कारण है कि अवसर - कु- अवसर पर ऐसे जहर उगलते रहते हैं । हमारे देश की संसद और विधानसभाओं को सांप्रदायिक सद्भाव को शक्ति प्रदान करने के संदर्भ में ÷ हेट - स्पीच ÷ पर न केवल प्रतिबंध का कानून पास करना चाहिए वरन इसके लिए कठिन सजा भी निर्धारित की जानी चाहिए । पारदर्शी राजनीति ही वह ताकत हो सकती है जो देश को विकास की ओर ले जा सके । इस संदर्भ में तुलसीदास जी द्वारा कहे गए चेतावनी पूर्ण शब्द भी मुझे याद आ रहे हैं :-

सचिव ,बैद ,गुरु तीनि जो, प्रिय बोलहिं भय आस ।
राज धर्म तन तीनि कर, होई बेगहिं नास ।।

गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं - यदि मंत्री , वैद्य और गुरु भय या लाभवश प्रिय बोलते हैं , तो इससे मंत्री का राज्य , वैद्य का शरीर एवं गुरु का धर्म शीघ्र ही नाश हो जाता है ।

राष्ट्रीय सौहार्द एवं समरसता के दृष्टिकोण से जिसके पास अभिव्यक्ति के लिए भद्र , सभ्य , स्वस्थ , सांस्कृतिक भाषा नहीं होती , वह व्यक्ति बड़े कुल में पैदा भले हुआ हो किंतु कभी किसी दल का , किसी क्रांति का , किसी समूह का , किसी समाज का स्वस्थ नेतृत्व नहीं कर सकता है । व्यक्तिगत स्वार्थ , लाभ सिद्धि हेतु जब हम भाषायिक हिंसा के शिकार होते हैं , तब हमारे भीतर - बाहर , जन्म लेती है आचरण की अशुद्धता । यही हमारे विवेक को विकृत कर देती है , जिसके वशीभूत होकर हम असामाजिक कृत्य कर बैठते हैं । हमारे देश के युवा दर्शन शास्त्री और महान संत विवेकानंद जी ने आपसी संवाद के लिए सभ्य , शालीन , आदर्श भाषा के प्रयोग का ही समर्थन किया है । उन्होंने यह भी कहा है कि अपने राष्ट्र को पतन से बचने के लिए भाषायीक स्तर पर सभ्य होने की जरूरत है । वर्तमान समय में इस देश की राजनीति जिस तरह भाषायीक स्तर पर हिंसक हुई है , इस देश का चौथा स्तंभ जिस तरह से संवाद के लिहाज से दिशाहीन हुआ है , देश का सिनेमा जिस तरह से अव्यावहारिक भाषा का शिकार हुआ है , मेरे शब्द थक जाएंगे उस पर लिखते हुए !



मैं अंत में अपने देश के राजनीति- कारों से यही गुजारिश कर सकता हूं , कि अभद्र, स्तरहीन भाषा , गाली गलौज की भाषा का प्रयोग सामयिक रूप से , खुले मंच से अपने संवाद एवं लेखन में करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए अर्थ दंड के साथ उचित सजा का प्रावधान भी करने की दिशा में कदम बढ़ाएं । देश की सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा भी इस तरह की भाषा से आहत होती है । विशेष रूप से राजनीति के उच्च स्तर पर आसीन जवाबदार लोगों को देश एवं देशवासियों की अस्मिता का ख्याल रखना ही होगा ।

## एक नजर

### प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

**दुर्ग, 14 नवम्बर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दिवस यानि दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवम्बर को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक पार्टी, अभ्यर्थी एवं अन्य संस्थान के राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का अभिप्रमाणन (प्री-सर्टिफिकेशन) अनिवार्य किया गया है।

### 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक पटाखे जलाए जाने पर प्रतिबंध

**दुर्ग 14 नवंबर।** नेशनल ग्रीन ट्रीब्युनल प्रिंसपल बैच नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में पारित आदेश के परिपालन में राज्य शासन द्वारा रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ एवं कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में प्रतिवर्ष 1 दिसंबर से 31 जनवरी की अवधि में पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में छत्तीगढ़ राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार राज्य में केवल हरित पटाखों का विक्रय सुनिश्चित किया गया है। दीपावली, छठ, गुरूपर्व तथा नया वर्ष/क्रिसमस के अवसर पर पटाखे फोड़ने की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार दीपावली रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक, गुरूपर्व रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा नया वर्ष/क्रिसमस रात्रि 11:55 बजे से रात्रि 12:30 बजे तक की समयावधि निधारित है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार पटाखों के जलाने से शीत ऋतु में वायु प्रदुषण में वृद्धि होती है। शासन द्वारा वायु प्रदुषण के रोकथाम हेतु प्रदुषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम के वैधानिक प्रवाधानों के तहत् प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ एवं कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी की अवधि में पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है।

### मतदान के लिए संवैतनिक अवकाश घोषित

**दुर्ग 14 नवंबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य हेतु द्वितीय चरण मतदान तिथि 17 नवंबर 2023 (दिन शुक्रवार) की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु सीमावर्ती क्षेत्रों में श्रमिकें व कर्मचारियों हेतु मतदान तिथि 17 नवंबर 2023 (दिन शुक्रवार) को संवैतनिक अवकाश की मंजूरी दी गई है ।

### भारतीय जनता पार्टी भिलाई मंडल के अध्यक्ष को नोटिस

**दुर्ग 14 नवंबर ।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 वैशाली नगर के रिटर्निंग अधिकारी श्री एच.एस. मीरी ने आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में भारतीय जनता पार्टी भिलाई मंडल के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर दो दिवस के भितर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा है। सीविजील के माध्यम से प्राप्त शिकायत की जांच एफएसटी टीम के द्वारा की गई थी। जिसमें महतारी वंदन योजना संबंधित फार्म भराये जाने की शिकायत सही पायी गई। एफएसटी टीम द्वारा महतारी वंदन योजना का फार्म के बंडल को भी जब्त करने की कार्रवाही की गई है। अध्यक्ष के यह कृत्य आदर्श आचरण संहिता का घोर उल्लंघन है।

### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर अध्यक्ष,प्रत्याशी को नोटिस जारी

**दुर्ग 14 नवंबर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन पर भारतीय जनता पार्टी भिलाई के जिला अध्यक्ष और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 65 के भिलाई नगर के अभ्यर्थी श्री प्रेम प्रकाश पाण्डे को नोटिस जारी कर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर श्री रोहित व्यास ने सीविजील से प्राप्त शिकायत सड़क नं 15 सेक्टर 02 भिलाई में भारतीय जनता के प्रत्याशी श्री प्रेमप्रकाश पाण्डे व पूर्व पार्षद के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर मिथ्या पांप्लेट वितरण किया जा रहा है, कि उसे भरने पर 1000 रूपया दिये जाएंगे को निर्वाचन आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन मानते हुए अध्यक्ष और प्रत्याशी को नोटिस जारी किया है।

### रमन सिंह झाखरपारा में लेंगे चुनावी सभा

**गरियाबंद, 14 नवंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह 14 नवंबर को जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम झाखरपारा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा लेंगे। पूर्व सीएम के आगमन को लेकर भाजपा तैयारियो में जुटी है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 14 नंवबर को देवभोग विकासखंड के झाखरपारा में आमसभा का आयोजन किया गया है। वे हेलीकाप्टर से सुबह 11:45 बजे झाखरपारा पहुँचेंगे।

# मतदाताओं ने कहा-चुनाव जीतने के बाद झांकना तो दूर हाल-चाल नहीं पूछते

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजिम,14 नवंबर।** विधानसभा चुनाव के 17 नवंबर जैसे तैसे नजदीक आ रहें हैं वैसे ही राजनीतिक दलों के साथ प्रत्याशियों की धड़कन तेज हो रहे हैं। मतदाताओं को लुभाने तरह-तरह की घोषणाएं कर रहे हैं भले ही पूरा न कर सकें। क्षेत्र के लोगों की तरह-तरह से प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। इनमें अधिकांश लोगों का कहना है कि सड़कों का हाल सभी देख रहे है ग्रामीण सड़क की मांग करते हुए नेशनल हाईवे जाम कर पक्की सड़क की मांग किया था जिसे अभी तक पूरा नहीं कर पाया है। सड़कें गढ्ढों से भर गए हैं , स्कूलों में शिक्षकों की कमी, पालकों में शिक्षा को लेकर पदयात्रा तक करना पड़ा और मजबूरी में स्कूलों में ताला लगाकर विरोध कर रहे हैं तो कहीं दूसरे स्कूलों के शिक्षकों की नियुक्त किए गए हैं।

वर्तमान समय में जब चुनाव है तो फिर लोगों को रिझाने तरह-तरह की घोषणाएं कर रहें। आखिर मांजरा जनता समझ रही है चुनाव जीतने के बाद पीछे मुड़कर देखना भी उचित नहीं समझते हैं पांडुका क्षेत्र में खास हस्तक्षेप रखने वाले नेताओं का दावा है कि इस बार दोनों राष्ट्रीय दलों के सकुनी सक्रिय हो गए हैं एक दूसरे को निपटाने में लगे हुए हैं । वहीं भाजपा से रोहित साहू की बात करें तो छोटे से छोटे समस्याओं को लेकर हमेशा जिले के आला अधिकारियों से फोन में समस्याओं का समाधान कर लोगों के बीच अच्छा पकड़ बना लिए हैं लोगों के समस्याओं को लेकर कार्यालय के घेराव के साथ जनआंदोलन कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में सफल रहे हैं। खास बात यह भी है कि स्थानीय होने के चलते एवं सरपंच जैसे छोटे स्तर से राजनीतिक सफर करने के चलते लोगों की समस्याओं को अच्छे से समझ भी लेते है। मतदाताओं का स्पष्ट राय देखने को मिल रहा है कि हम अपने नजदीक के व्यक्ति का समर्थन करेंगे। कौन राजधानी के चक्कर में फंसे। हमने देख लिया कि कोरोना काल में विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं था। क्योंकि हमारा विधायक तो रायपुर में ही पूरा 2 साल गुजार दिए एक बार भी जनता की हाल-चाल जानने के लिए नहीं आया ऐसे लोगों से किनारा कर लेना ज्यादा अच्छा है। तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है कांग्रेस पूरी दम लगा दिए हैं तो भाजपा दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतरे हुए हैं। लेकिन अब 3 दिन ही शेष बचे हुए हैं चौथे दिन मतदाताओं को अपने मतों का प्रयोग कर विधायक चुना है इन तीन दिनों में कौन किसको कितने रिझा पाए हैं। यदि हम राजिम विधानसभा की इतिहास को झांके तो छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से लेकर लगातार चार विधानसभा चुनाव में दो भाजपा तो दो कांग्रेस पार्टी को जीत मिली है। सन 2018 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बहु मत से जीत मिली थी। इस बार भी क्या वह उसे बरकरार रख पाएंगे या फिर तिनके की भांति उड़ जाएगी ।

# हार मान चुकी कांग्रेस ने गृह लक्ष्मी योजना की घोषणा करके अपनी हताशा का प्रदर्शन किया:भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद और लोरमी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरुण साव ने गृह लक्ष्मी योजना को लेकर करारा प्रहार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आनन-फानन में की गयी घोषणा बताती है कि भाजपा पर छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों और बेटियों के बढ़ते भरोसे से वे घबरा गए हैं और उन्होंने हार स्वीकार कर ली है। श्री साव ने कहा कि प्रथम चरण के मतदान के बाद मुख्यमंत्री बघेल की माता-बहनों के लिए की गई घोषणा से यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस हार मान चुकी है और हार की हताशा में इस प्रकार की घोषणा की गई है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माता और बहनों को मुख्यमंत्री बघेल ने 5 साल केवल और केवल ठगने का काम किया है, धोखा देने का काम किया है; चाहे शराबबंदी के वादे का हो या महिला स्व सहायता समूह के बहनों को बेरोजगार करने का मामला हो या विधवा बहनों को धोखा देने का मामला हो, लगातार माता-बहनों को धोखा देने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया है और अब चुनाव के प्रथम चरण के बाद इस प्रकार की घोषणा बताता है कि कांग्रेस ने हार मान ली है और फिर से छत्तीसगढ़ की माता-बहनों को धोखा देने के लिए इस तरह की घोषणा की है। श्री साव ने कहा कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार चाहे जितनी फर्जी घोषणाएँ कर ले, लेकिन छत्तीसगढ़ की माताएँ-बहनें तय कर चुकी हैं राज्य से भूपेश बघेल की सरकार से छुटकारा पाने का और कमल खिलाने का। ऐन मतदान से कुछ चार-पाँच दिन पहले की गई इस गृह लक्ष्मी योजना का निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

## कला परिषद का दीपावली मिलन समारोह

**रायपुर।**अग्रोहा सोसाइटी में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।छत्तीस छटा कला परिषद के इस आयोजन में एकत्रित जनों ने दीपोत्सव की बधाई मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान किया। साथ ही हिंदू सनातन धर्म की परंपराओं - रीति रिवाजों को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ लोक -हिंदी रंगकर्मी विजय मिश्रा अमितने एकल अभिनय की प्रस्तुति दी।रोती गाय सबको हंसाए शीर्षक से प्रस्तुत एकल नाट्य में श्री विजय मिश्रा ने गायों की वर्तमान दशा - दिशा का बेहद प्रभावी मार्मिक चित्रण किया।

उन्होंने गाय- भैंसों को अधिक दूध देने के लिए दुग्ध व्यवसायियों द्वारा लगाए जाने वाले इंजेक्शन डाइक्लोफेनिक को मनुष्य सहित अन्य जीव जन्तुओं के लिए अत्यधिक घातक बताया।बीस मिनट के एकल नाटक में उन्होंने गाय से बढ़ती दूरी और कुत्ते पालने में बढ़ रही जनअभिरुचि को सामाजिक पतन का सूचक कहा। इस अवसर पर पंडित नंदकुमार शर्मा ने कहा कि गायों को वेदों पुराणों में चलते-फिरते देवालय की संज्ञा दी गई है। इसके देह में तैंतीस कोटि देवी देवताओं का वास होता है। गाय से प्राप्त पंचगव्य दूध,दही,घी,गोबर और गोमूत्र के बिना पूजा अनुष्ठान नहीं हो सकते। दीपावली मिलन समारोह में डॉ देवेन्द्र कोठारी,एम एल साहू,नवीन देशमुख,केतन राठी,सौरभ शुक्ला,किशन विश्वकर्मा,पवन दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम समाप्ति उपरांत सभी गोवंश भक्तों ने गोग्रास दान किया गया।

# गिरधर को भोग लगाकर वितरण किया अन्नकुट का प्रसाद



**पत्थलगांव, 14 नवंबर।** गोवर्धन पर्वत को हाथ की उंगली पर उठाकर गोकुलवासियों की इंद्र के प्रकोप से रक्षा करने वाले भगवान गिरधन का भोग लगाकर सत्यनारायण मंदिर मे हजारो लोगो के बीच अन्नकुट का प्रसाद वितरण किया गया। यह पर्व हर वर्ष दीपावली के दूसरे दिन बडे ही धूमधाम से मनाया जाता था,इस बार दीपावली के दूसरे दिन अमावस्या रहने के कारण गोवर्धन पूजा का आयोजन दिन मंगलवार को किया गया। यहा के सबसे प्राचीन सत्यनारायण मंदिर मे सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये जा रहे थे,भगवान गिरधर का भोग लगाकर भंडारा लगाया गया। सत्यनारायण मंदिर की तरह ही दुर्गा मंदिर,शारदा मंदिर एवं किलकिलेश्वर धाम मे अन्नकुट के प्रसाद का वितरण किया गया,जहा शहरवासियों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी भारी संख्या मे श्रद्धालु आये हुये थे। यहा के सबसे प्राचीन सत्यनारायण मंदिर मे पिछले पांच दशक से दीपावली के बाद अन्नकुट के प्रसाद का आयोजन किया जाता है,इस बार यह आयोजन दीपावली के तीसरे दिन संपन्न हुआ। मंदिर समिती के अध्यक्ष अनिल मित्तल,श्रवण अग्रवाल,मदनलाल अग्रवाल,अरूण अग्रवाल,नत्थु शर्मा,संजय लोहिया,मुन्ना शर्मा,चमरू अग्रवाल,आलोक गर्ग,राजा शर्मा,रमेश जायसवाल के अलावा अन्य लोगो ने काफी तैयारियां कर रखी थी। अन्नकुट का प्रसाद बनने से लेकर वितरण करने तक सभी समाज के लोग अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। समिती के अध्यक्ष अनिल मित्तल ने बताया कि 50 साल से भी अधिक समय से सत्यनारायण मंदिर मे अन्नकुट का भंडारा लगाया जाता है,जिसमे आस-पास की ग्राम पंचायतो के अलावा गांव के सभी धर्म से जुडे लोग अन्नकुट का प्रसाद ग्रहण करने एक कतार मे खडे होते है,उन्होने बताया कि अन्नकुट का प्रसाद के दौरान बनाया जाने वाला पंचमेला का व्यंजन लोगो को काफी रास आता है,जिसकी तारीफ आस-पास के लोग करते दिखायी देते है।

**गाय के गोबर से गोवर्धन-:**सत्यनारायण मंदिर के पूजारी पं.श्यामु महाराज ने बताया कि अन्नकुट का महत्व परिवार के सभी सदस्यों को एक रसोई से बना विभिन्न प्रकार का भोजन ग्रहण कर एकता प्रदर्शित करने का अवसर है। उनका कहना था कि गोवर्धन पूजा का महत्व वरूण इंद्र एवं अग्नि की पूजा को लेकर है। उन्होने बताया कि इस दिन गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति तैयार कर उसकी पूजा की जाती है। गोवर्धन पर्वत का तात्पर्य भगवान श्री कृष्ण की भक्ति एवं अराधना से जुडा है,उनका कहना था कि गोवर्धन पूजा के दिन आदिकाल से अन्नकुट का प्रसाद एवं गायो की पूजा करने का महत्व चले आ रहा है।।

# गृह लक्ष्मी योजना के नाम पर लबरा सीएम की एक और फर्जी घोषणा:विजय बघेल

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद, भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक और पाटन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने गृहलक्ष्मी योजना के नाम पर 15 हजार रुपए देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को लेकर पलटवार कर कहा है कि माताओं के सम्मान के लिए जब भारतीय जनता पार्टी ने महतारी वंदन योजना लॉन्च की घोषणा की तो कांग्रेसी बौखला गए और खासकर मुख्यमंत्री बौखला गए और माताओं में जिस तरह का रिस्पॉन्स भारतीय जनता पार्टी के लिए आ रहा था, उसको देखकर पता नहीं कहाँ से सपना आया और लबरा मुख्यमंत्री ने एक और फर्जी घोषणा कर दी। श्री बघेल ने कहा कि गृह लक्ष्मी योजना 15000 देंगे, यह बोलना तो बड़ा-बड़ा है लेकिन काम जीरो बटा सन्नाटा है।भाजपा सांसद और पाटन से भाजपा प्रत्याशी श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल पहले अपने 2018 की घोषणा देख लें। प्रदेश के हर वर्ग के साथ-साथ वृद्ध जनों तक के साथ भूपेश सरकार ने धोखा किया है। वृद्धावस्था पेंशन राशि 350 से 1000 तक करने की बात की थी पर किया नहीं। 75 साल से ऊपर वालों को 1500 करने की बात की थी लेकिन किया नहीं। अब तो मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस को यह विश्वास हो चला है कि कांग्रेस की सत्ता से विदाई तय है, इसलिए फर्जी घोषणाएँ करने में लगे हैं। श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की तो राजनीतिक उत्पत्ति ही फर्जीवाड़े से हुई है, वह क्या बताएंगे? सन 1993 में भी फॉर्म चेंज करके इनको विधायक की टिकट मिली थी और आज यह बड़ी-बड़ी बात कर रहे हैं। आंगनवाड़ी, मितानिन, कोटवार, पंचायत सचिव, संविदा कर्मचारी, मध्याह्न भोजन, रोजगार सहायक, सबको बघेल सरकार ने छला है। मुख्यमंत्री बघेल ने और एक बात बोले थे कि डी.ए. देंगे, जिसके लिए कर्मचारी-अधिकारी पूरे 5 साल हड़ताल कर कहते रहे कि केंद्र के समान डी.ए. दे दो, पर नहीं दिया। श्री बघेल ने कहा कि जब हमने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया कि इस डी.ए. को हम उसके एरियर्स को उनके जी.पी.एफ. में समायोजित कर देंगे, तब मुख्यमंत्री चुनाव आयोग को अनुमति के लिए पत्र लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ को मजाक समझ रखा है। छत्तीसगढ़ के लोगों ने इतना मान सम्मान दिया, मुख्यमंत्री बघेल को कुछ तो शर्म रखनी चाहिए। लोग समझदार हैं, छत्तीसगढ़ की जनता अब कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार के बहकावे में नहीं आने वाली है।भाजपा सांसद और पाटन से भाजपा प्रत्याशी श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ पर 82 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है और छत्तीसगढ़ की जनता यह मान चुकी है कि अगर भूल से भी कांग्रेस को सत्ता में आने का मौका मिल गया तो कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ को बेचने की कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह भूपेश सरकार के नाकारेपन का परिचायक है और अब भी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। हार के डर से कुछ भी करेंगे और कहेंगे, यह सब अब नहीं चलने वाला है। छत्तीसगढ़ की जनता अब अच्छी तरह जान गई है और पाटन की जनता अब मुख्यमंत्री बघेल की रग-रग से वाकिफ हो गई है। श्री बघेल ने कहा कि इस फर्जीवाड़े के बहकावे में पाटन और प्रदेश की जनता न आए।

## आगामी मतदान के लिए मतदान केंद्रों में सुनिश्चित की गई व्यवस्था का लिया जायजा

# प्रेक्षक ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों और जांच नाका का किया औचक निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 14 नवंबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले के दोनों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने आज राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों और जांच नाका का निरीक्षण किया। उन्होंने फिंगेश्वर, कोमा और जामगाँव के मतदान केंद्रों में पहुकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही जामगांव में बनाए गए चेकपोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल द्वारा वाहनों की किए जा रहे चेकिंग का भी अवलोकन किया। प्रेक्षक सुश्री चौधरी ने सक्रियता के साथ वाहनों की चेकिंग कर अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोक लगाने और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रेक्षक ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि क्रियाशील रहे, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम राजिम श्री धनंजय नेताम सहित बूथ लेवल अधिकारीगण मौजूद रहे। प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने राजिम क्षेत्र के मतदान केंद्रों में पहुंचकर सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों में सुनिश्चित की गई आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे रैम्प, लाईट, पेयजल एवं शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान प्रेक्षक सुश्री चौधरी ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से मतदाताओं की जानकारी लेकर सभी मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें चुनाव के दिन 17 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।






## किसानों ने खिलाई मवेशियों को खिचड़ी

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में किसानों ने अपने पालतू मवेशियों को गोवर्धन पूजा के दिन अपने मवेशियों के विधि-विधान पूर्वक पूजा पाठ कर खिचड़ी खिलाया गया जिसमें किसान थम्मन साहू, खिलावान साहू ,भुनेश्वर साहू, डीगेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, तुलाराम साहू, पोषण साहू, इन लोगों ने बताया कि गौमाता भी एक प्रकार के लक्ष्मी का ही रूप है जिसे गोधन कहां जाता है जिसे दिवाली पर्व पर पूजा पाठ कर खिचड़ी खिलाया जाता है और पूजा पाठ किया जाता है जिसमें हेमन्त साहू, उदय प्रताप साहू ,लोकु साहू, उमेश साहू ,थानेश्वर साहू, रोशन साहू, ईश्वर साहू, पुष्पेंद्र साहू ,केशव साहू ,मुकेश साहू, लकी साहू, गुलशन साहू, नीरज साहू ,डगेश्वर साहू ने खिचड़ी खिलाई।

## जिला चिकित्सालय दुर्ग के विशेषज्ञों को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अनुकरणीय चिकित्सा सम्पादन के लिए मिला सम्मान

**दुर्ग 14 नवंबर ।** जिला चिकित्सालय दुर्ग के 10 चिकित्सकों को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुकरणीय चिकित्सा के सफल सम्पादन के लिए कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा प्रशस्ति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ ए.के. साहू कुशल को अस्पताल प्रबंधन हेतु,सर्जन डॉक्टर सरिता मिंज, डॉ. कामेंद्र ठाकुर सर्जिकल स्पेशलिस्ट एवं डॉ. बसंत चौरसिया निःश्चेतना विशेषज्ञ द्वारा आंत के छेद के सफल सर्जरी हेतु डॉ. बी.आर. साहू स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ संजय वालवेन्द्रे, निःश्चेतना विशेषज्ञ सहायक डॉ रजनी के द्वारा एक दिन में 24 प्रसव कराने हेतु, डॉ. कुलदीप सिंह न्यूरो सर्जन और डॉ. बसंत चौरसिया एनस्थेटिक द्वारा ब्रेन एवं स्पाईनल सर्जरी के लिए नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल राज्य के बेस्ट ब्लड बैंक के लिए और जिला चिकित्सालय में संचालित आईसीयू के मरीजों में मृत्यु दर में कमी के लिए डॉ अनिल विवेक सिन्हा को सम्मानित किया गया।

# मतदान के लिए तीन दिन शेष जिले में बढ़ाई गई चौकसी



**रायगढ़, 14 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी सर्विलांस टीम एवं एनफोर्समेंट एजेंसीज को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एजेंसियों के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में मतदान प्रक्रिया होगी, लिहाजा मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने तथा मतदाताओं को लुभाने अवैध तरीके से फ्रीबीज, शराब, नकद राशि व प्रलोभन दिए जाने वाली वस्तु/सामग्रीं का परिवहन किया जा सकता हैं। जिसे रोकने के लिए सभी को अलर्ट मोड पर कार्य करना हैं, ताकि जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन कार्य संपन्न हो सकें।

कलेक्टर श्री गोयल ने स्थैतिक निगरानी दलों को निर्देशित करते हुए कहा कि टीम आगामी निर्वाचन प्रक्रिया तक विशेष रूप से अलर्ट रहे। इसके साथ ही एक जगह पर न रहते हुए लोकेशन चेंज करते रहें। उन्होंने टीम को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर कार्य करें, टीम में सहयोग व सुरक्षा हेतु केंद्रीय सुरक्षा बलों के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने प्रचार सामग्री/पंपलेट में प्रकाशक के नाम, पता और मुद्रण संख्या मुद्रित नही पाए जाने पर जब्ती करते हुए समुचित वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार मतदाताओं को लुभाने अवैध तरीके से फ्रीबीज, शराब, नकद राशि वितरण या किसी प्रकार का प्रलोभन में दी जाने वाली वस्तु/सामग्रीं चेक पोस्ट में पाया जाए तो तत्परतापूर्वक वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल को निर्देशित किया कि सभी वाहनों की सघनता से जांच सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार कलेक्टर गोयल ने सभी फ्लाइंग स्क्वाड को आगामी चार दिनों तक नियमित मूवमेंट के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टीम के सहयोग हेतु केंद्रीय सुरक्षा बलों के सदस्य भी रहेंगें। उन्होंने कहा कि प्रचार सामग्री में प्रकाशक के नामए पता और मुद्रण संख्या का उल्लेख अनिवार्य हैं, बिना मुद्रित पाए जाने पर जब्त करते हुए समुचित कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान को प्रभावित करने वाले फ्रीबीज, शराब, नकद राशि वितरण या किसी प्रकार का प्रलोभन में दिए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर श्री गोयल ने एनफोर्समेंट एजेंसीज को भी निष्पक्ष निर्वाचन हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सीजी जीएसटी को जिले में स्थित गोदामों की जांच करने तथा आयकर विभाग को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को शराब तस्करी पर नजर रखने एवं सभी चेक पोस्ट में एक्टिव मोड़ में कार्य करने तथा जीआरपी को सभी स्टेशन के साथ ही ओडिशा से आने वाले गाड़ियों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए। जिससे मतदाताओं को लुभाने वाले सामग्रियों के अवैध परिवहन पर नियंत्रण किया जा सकें।

कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों से संदिग्ध लेन-देन की जानकारी लीड बैंक ऑफिसर के माध्यम प्राप्त कर उसका परीक्षण, सभी मुद्रक/प्रिंटर से प्रकाशन की सूचना की निगरानी और डाक/कूरियर के माध्यम से फ्रीबीज के वितरण की आशंका पर नजर रखी जा रही है।

## निर्दलीय गोपिका की सिलाई मशीन के पीछे कौन

**रायगढ़, 14 नवम्बर।** दूसरे चरण का मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। वैस-वैसे भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी तो अपना चुनाव प्रचार अभियान और तेज कर चुके हैं और वहीं इन दोनों पार्टियों को चुनौती देने वाले बागी उम्मीदवार भी अब अपने पीछे फायनेंस करने वाले लोगों के भरोसे अपनी चालें तेज करते हुए वोट बैंक बढ़ाने में लग गए हैं। आज निर्दलीय प्रत्याशी गोपिका गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर अपनी पार्टी में लौटने की बात कही, जिससे भाजपा में खलबली मच गई है। हालांकि राजनीति के जानकार इसे निर्दलीय प्रत्याशी का शिगुफा बता रहे हैं, इसे चुनावी दौर में मतदाताओं की सहनुभुति बटोरने की रणनीति कहा जा सकता है।

रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र का चुनाव पूरी तरह वीआईपी मोड में आ गया है चूंकि जब अमित शाह ने अपने भाषण में ओपी चौधरी को जीतने के बाद बड़ा आदमी बनाने की घोषणा की है तब से भाजपाईयों में भी खलबली है ही वहीं राजनीतिक गलियारे में भी ओपी चौधरी की तूती बोलने लगी है। लेकिन इससे ठीक उलट अब कथित भाजपाई जिन्होंने टिकट का जुगाड नही होनें के बाद मैदान से ओपी चौधरी को चुनौती देने के लिये गोपिका को सपोर्ट किया, वह धीरे-धीरे सामने आ सकता है। जानकार सूत्र बताते हैं कि गोपिका गुप्ता को चुनाव प्रचार से लेकर उनके लिये शहर से लेकर गांव तक व्यवस्था का जुगाड़ करने वाले कथित धन्नासेठ पूरी तरह लगे हैं चूंकि मतदान की तिथि काफी नजदीक आ गई है और शायद इसीलिये रायगढ़ शहर में जहां-जहां कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक व भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी के बैनर पोस्टर व होडिंग लगे हैं वहीं गोपिका गुप्ता के भी बड़े बड़े होडिंग व बैनर लगवाये गए हैं। इस प्रचार के पीछे जो चेहरा है वह सामने तो ओपी चैधरी के लिये प्रचार करने का दावा करता हैए लेकिन गोपिका गुप्ता के पीछे रहकर वह नये तरीके की राजनीति करते हुए अपनी राजनीति को चमकाने में लगे है। सूत्रों की मानें तो इसीलिये गोपिका गुप्ता के चुनाव प्रचार में बढ़ते खर्चे तथा अन्य व्यवस्था बताती है कि उनके मैदान में रहने से जीतना नुकसान ओपी चैधरी को करवाया जा सके वह उसके लिये कोई कसर नही छोडेगा। ऐसा ही कुछ मामला शंकरलाल अग्रवाल के साथ है जिन्होंने रायगढ़ जिले की भजन मंडली को अपने साथ लेकर भाजपा को बड़ा झटका देने की कोशिश जारी है। साथ ही कांग्रेस के भी वोट बैंक में सेंध लगाने की कवायद में हैं। अपने ही तरीके से शहर से लेकर गांव तक आटो लेकर पहुंचने वाले शंकरलाल अग्रवाल ने टिकट नही मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरकर यह बता दिया कि उनको कांग्रेस ने कम आका था। ऐसा नहीं है कि शंकरलाल अग्रवाल के खड़े होने से केवल कांग्रेस को नुकसान हो रहा है। बल्कि उनके चुनाव प्रचार के तरीके से भाजपा को भी अच्छा खासा वोट बैंक गंवाना पड़ सकता है। बहरहाल देखना यह है कि बागियों के खेल में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों को कितना जन समर्थन मिलता है।

## एक नजर

### सी-विजिल एप से करें आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**रायगढ़, 14 नवम्बर।** स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग विधानसभा निर्वाचन-2023 में भी सी-विजिल (ष्ट-ङ्कद्बद्दद्बद्य) मोबाइल एप लेकर आया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकते है। इसके लिए अब किसी को निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर में आने की जरूरत नहीं होगी। जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें होने पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होने पर उडऩदस्ता (एफ.एस.टी.) तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगा।

इस एप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। इसमें शिकायतकर्ता शराब, पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल ऐप पर कर सकते हैं। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। साथ ही बिना पहचान बताये भी शिकायत किया जा सकता है। 100 मिनट में शिकायत पर एक्शन होगा। ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी चुनाव में निगरानी के काम में सहयोग कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ जहां गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की जानकारी एवं शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर 1950 में भी कॉल कर सकते है।

ऐसे काम करता है यह ऐप-यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन और ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है। इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है जहां आप हिंदी या अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते हैं। इसके बाद आपको फोन नंबर लिखना होगा, जिस पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद आपको अपने नाम, पता, राज्य, जिला, विधानसभा क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। ये जानकारियां देने के बाद आपको वेरिफाई पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एप का होम पेज खुल जाएगाए जहां आपको फोटो, वीडियो और ऑडियो के विकल्प मिलेंगे। आप जिस भी माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवाना चाहते हैं, वह विकल्प चुन कर आप अपनी शिकायत आयोग तक पहुंचा सकते हैं।

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़, 14 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने विधानसभा आम निर्वाचन के तहत आगामी 17 नवंबर को होने जा रहे मतदान कार्य के मद्देनजर मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 नवंबर को सायं 5 बजे से 17 नवंबर तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकाने आदि बंद रखने के आदेश दिए है।विधानसभा निर्वाचन-2023 संबंधी कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ जिले में समस्त देशी, विदेशी और कंपोजिट मदिरा दुकानें, समस्त होटल बार एवं देशी मदिरा वेयर हाउस को 15 नवंबर सायं 5 बजे से 17 नवंबर को मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखने हेतु निर्देश दिए है। इस अवधि में मदिरा का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह मतगणना तिथि 3 दिसंबर को भी मतगणना स्थल नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत समस्त मदिरा दुकानें, होटल बार एवं देशी मदिरा वेयर हाउस सम्पूर्ण दिवस के लिए बंद रखे जायेंगे। मतदान अवधि में उड़ीसा राज्य के सीमावर्ती जिला झारसुगुड़ा की 3, बरगढ़ की 20 और सुंदरगढ़ की 7 मदिरा दुकानें भी मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व 15 नवंबर सायं 5 बजे से लेकर 17 नवंबर को मतदान समाप्ति तक बंद रखी जावेंगी। शुष्क अवधि में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया कई मतदान केंद्रों का अवलोकन

**महासमुंद 14 नवंबर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सामान्य प्रेक्षक श्री विवेक एल. भीमनवार ने आज खल्लारी विधानसभा अंतर्गत पोलिंग बूथ नर्रा, खट्टी,टेमरी, घुंचापाली मतदान केन्द्र का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने अंतरजिला चेक पोस्ट का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री भीमनवार ने दीपावली के अवसर पर गांव-गांव में चल रहे सुवा नृत्य का अवलोकन किया।

उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहन देते हुए छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति की सराहना भी की । इस दौरान खल्लारी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी सृष्टि चंद्राकर सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं बी एल ओ मौजूद थे।

## पोस्टल बैलेट से मतदान का सलंग्न अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद 14 नवंबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में विभिन्न कार्यों में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान करवाने हेतु जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र सरायपाली, बसना, खल्लारी और महासमुंद में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में सुविधा केंद्र बनाई जायेगी जो 14, 15 और 16 नवंबर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तक खुली रहेगी। जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने सुविधा केंद्र में नियुक्त मतदान दलों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इन सुविधा केंद्रों में ऐसे समस्त अधिकारी और कर्मचारी जिन्होंने पोस्टल बैलेट के लिए रिटर्निंग ऑफिसर को प्रारुप 12 में विधिवत आवेदन किया है, वे आकर मतदान कर सकते हैं।

इसके लिए उन्हें कोई वैध पहचान पत्र तथा निर्वाचन ड्यूटी आदेश लेकर आना होगा। पहचान सुनिश्चित होने के बाद उन्हें निर्धारित पंजी में हस्ताक्षर करवा कर बांए हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाई जाएगी। तत्पश्चात उन्हें प्रारुप 13 क, 13 ख, 13 ग और 13 घ के साथ मतपत्र प्रदान किया जाएगा। मतदाता द्वारा सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा कर मतपत्र को नियमानुसार लिफाफों में बंद कर सुविधा केंद्र में मतपेटी में डाल दिया जाएगा। अलग अलग विधानसभा वार प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## ओपी चौधरी के प्रयासों से महिलाएं होंगी सशक्त:पूनम सोलंकी



**रायगढ़, 14 नवम्बर।** रायगढ़ के विकास को लेकर ओपी चौधरी द्वारा जारी संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी ने कहा ओपी चौधरी की घोषणा में महिलाओ को सशक्त बनाने की दिशा मे किए गए प्रयास सराहनीय है। ओपी चौधरी द्वारा जारी घोषणा पत्र में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को शामिल किया जाना वंदनीय प्रयास है। ऐसी बहुत सी महिलाए जो आत्मनिर्भर बनना चाहती है लेकिन उनके विभिन्न क्षेत्रों में काम करने हेतु प्रशिक्षण की कोई ठोस व्यवस्था अब तक नहीं थी।

ओपी के प्रयासों से ऐसी महिलाओ को प्रशिक्षित करने से उनके सपनों के पंखों को निश्चित उड़ान मिलेगी। मितानिन तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों के कार्य के दौरान संसाधनों की कमी होती है जिससे उनका काम प्रभावित होता है । आवश्यक संसाधन कम नही हो इस दिशा में ओपी चौधरी का चिंतन यह बताता है कि हर समस्याओं के समाधान की लेकर उनकी बारीक नजर है। स्थानीय स्तर पर ओपी के घोषणा में महिला स्व सहायता समूह के लिए महिला सदनों के निर्माण का वादा भी किया गया है। इस निर्णय से महिलाओ को काम करने में सुविधा होगी। 100 स्कूलों तथा 100 आंगन बाड़ियों को स्मार्ट (आधुनिक) बनाये जाने के ओपी के निर्णय को स्वागतेय बताते हुए भाजपा नेत्री पूनम सोलंकी ने कहा भाजपा की राजनीति में महिलाओ को सशक्त बनाने की दिशा में विशेष प्रयास शामिल किए जाते है। उसी तरह ओपी चौधरी के वादों में भी महिलाओ की आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जाना सराहनीय है।

## पीएम मोदी की गारंटी का कोई गारंटी नहीं: बघेल

**अंवरी।** दिवाली के ठीक एक दिन पहले नरक चतुर्दशी को मुख्यमंत्री भूपेश भखारा पहुंचे। जहां कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। मुख्यमंत्री निर्धारित समय से करीब 1घंटे देरी से नगर पंचायत भखारा के रामलीला मैदान पहुंचे। उन्होंने सभा में पीएम मोदी और पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह पर जमकर प्रहार किया और कांग्रेस को वोट देने की अपील की। भखारा के जनसभा में करीब आधे घंटे मुख्यमंत्री का भाषण चला।मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि 15 साल तक रमन सिंह की सरकार थी तब किसानों को 2100 रुपए नहीं दे पाए तो क्या 3100 रुपए दे पाएंगे? उन्होंने कहा कि मोदी और रमन की कोई गारंटी नहीं है। हमारे घोषणा पत्र पर विश्वास है. क्योंकि 2018 में कांग्रेस की सरकार बनते ही 2 घंटे के अंदर किसानों का कर्जा माफ किया था। भूपेश बघेल ने कहा भाजपा ईडी के दम पर ही चुनाव लड़ रही है, इसलिए लगातार ईडी की कार्रवाई यहां चल रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा राम के नाम पर वोट मांगती है और लोगों को बांटती है लेकिन हमने तो चंदखुरी में प्रभु श्रीराम का मंदिर बनवाया है। राम हमारे भांचा है क्योंकि कौशल्या माता छत्तीसगढ़ की बेटी है7 साथ ही घोषणा पत्र के वादों को दोहराया सीएम ने कहा कि सभी को 5 सौ रुपए में गैस सिलेंडर देंगे,सबको बिजली बिल में 2 सौ यूनिट की छूट देंगे। यहां तक की बच्चों की पढ़ाई भी मुफ्त होगी। कॉलेज वाले बच्चों का बस पास फ्री कर दिया है। केजी से पीजी तक सबकी पढ़ाई मुफ्त होगी। कांग्रेस घोषणा पत्र को भाजपा से अच्छा बताया। 15 साल के भाजपा शासनकाल की तुलना कर अपने 5 साल के कार्यों को दोहराया। कांग्रेस शासन में किसान खुशहालसीएम ने कहा हमने एकड़ पीछे 20 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की तो अजय चंद्राकर कहते हैं छग में 20 क्विंटल धान 1 एकड़ में नहीं होता ? अब भाजपा ने 21 क्विंटल खरीदने की घोषणा की, ऐसे में भाजपा की गारंटी का लोग कैसे भरोसा करेंगे। कांग्रेस और भूपेश केवादों और गारंटी पर भरोसा करना और कांग्रेस की दोबारा प्रदेश में सरकार बनवाना।आगे कहा कि मोदी ने उद्योगपतियों का किया कर्जा माफ भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने लाखों करोड़ रुपए अपने उद्योगपति दोस्तों के कर्जा माफ किए, जब हमने प्रदेश के किसानों का कर्ज माफ किया तो डॉ. रमन के पेट में दर्द हो रहा है। मोदी ने कालाधन के लिए नोटबंदी कर दी, जिससे सिर्फ आम लोगों को ही तकलीफ हुई। विदेशों के काले धन लाने और सभी को 15 लाख की बात भी कही, लेकिन किसी को 15 रुपए तक नहीं मिले। मायने- केंद्र की मोदी सरकार पर अंबानी-अडानी के माध्यम से घेरने और अपनी कर्जमाफी रिकॉर्ड को दर्शाते हुए लोगों को कांग्रेस के पक्ष में किया।कांग्रेस प्रत्याशी तारिणी चंद्राकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह कुरूद विधानसभा क्षेत्र भाजपा के गढ़ है उसे कांग्रेस का गढ़ बनाना है क्योंकि हमारे कांग्रेस सरकार महिला,युवा, किसान सभी वर्ग को सशक्त बना रहे हैं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है 2 घंटे के अंदर कर्ज माफ किया और साथ ही घोषणा पत्र को अवगत कराया और आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला प्रत्याशी ऊपर भरोसा जताते हुए मुझे टिकट दिया है आप सभी कंधे से कंधे मिलाकर मुझे भारी भारी बहुमतों से विजय बनाएं और अपना आशीर्वाद दे। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कोसरे,पूर्व विधायक लेख राम साहू,शशि सिहं गौर, राजकुमारी दीवान,नीलम चंद्राकर,तपन चंद्राकर,गोविंद साहू,राजू साहू,हेमंत लक्ष्मीकांता साहू,भरत नाहर,डा मोहन हरदेल,शारदा साहू,कांति सोनवानी, सुमन साहू, शोभा राम यादव,गोपीकिशन साहू,मुकेश साहू,बिसौहा राम साहू, कृष्णदयाल, दयालु राम,सोमनाथ साहू,बिट्टू गौर,संतोषी निषाद, अजय जैन, अब्दुल गफूर, दिनेश यादव ,सुनील साहू, गोविंद, नारायण साहू एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं हजारों के संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने की मतदान सामग्री वितरण तैयारी की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश



**महासमुंद 14 नवंबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने आज दोपहर पिटियाझर मंडी परिसर में मतदान दल रवानगी एवं मतदान सामग्री वितरण के संबंध में आवश्यक बैठक ली। उन्होंने यहां बन रहे बैरिकेट्स एवं काउंटर की जानकारी लेते हुए कहा कि चूंकि चारों विधानसभा के मतदान सामग्रियों का वितरण यहीं से होना है इसलिए एक बार सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप तैयारी की समीक्षा कर लें यदि किसी तरह की आशंका हो तो समय रहते समाधान कर लें। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल में ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से आवश्यक व्यवस्था की जाए ।सेक्टर वाइज सभी वाहनों को व्यवस्थित रखें ताकि मतदान दल को वहां तक पहुंचने में किसी तरह की कठिनाई न हो। प्रत्येक वाहन में मतदान दल क्रमांक और रूट चार्ट तथा मोबाइल नंबर आवश्यक रूप से चस्पा हो। उन्होंने परिसर का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी काउंटर में नोटिस और फ्लेक्स के माध्यम से जानकारी चश्पा किया जाए। आगमन और प्रस्थान के लिए भी फ्लेक्स के माध्यम से जानकारी प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल में रात में भी ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर ने सभी स्थलों का जायजा लेते हुए विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा की जांच अवश्य कर लें। उल्लेखनीय है कि 17 नवंबर को मतदान होना है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री एस आलोक,अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू ,चारों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर व सहित संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद थे।

### डाक मतपत्र के लिए सुविधा केंद्र स्थापित

**महासमुन्द 14 नवम्बर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं के डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान के लिए दिए गए निर्देश के परिपालन में जिला महासमुंद अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली ,विधानसभा क्षेत्र 40 बसना, 41 खल्लारी एवं विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद में सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है।ऐसे सभी अधिकारी कर्मचारी जो सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के मतदाता है तथा जिन्होंने डाक मत पत्र के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को विधिवत्त फॉर्म 12 भरकर प्रेषित किया है वे सुविधा केंद्र में मतदान कर सकेंगे। चारों विधानसभा में स्थापित सुविधा केंद्रो में मतदान के लिए 14 नवंबर से 16 नवंबर 2023 तक की तिथि निर्धारित की गई है। मतदान का समय प्रातः 10ः00 बजे से सायं 5ः00 बजे तक रहेगा।सरायपाली विधानसभा अंतर्गत सुविधा केंद्र कार्यालय सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सरायपाली, तहसील कार्यालय सरायपाली व कक्ष क्रमांक 5 मीटिंग हॉल को सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसी तरह बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यालय सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बसना, तहसीलदार कार्यालय बसना, मीटिंग हॉल, खल्लारी विधानसभा अंतर्गत कार्यालय सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बागबाहरा, तहसील कार्यालय बागबाहरा, कक्ष क्रमांक 1 तथा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर महासमुंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय महासमुंद व कक्ष क्रमांक 9 को सुविधा केंद्र बनाया गया है।

### सामान्य प्रेक्षक ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक


**महासमुंद 14 नवंबर ।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक श्री विवेक एल भीमनवार ने आज खल्लारी विधानसभा के 24 सेक्टर अधिकारियों की बैठक जनपद पंचायत बागबाहरा के सभा कक्ष मे ली। बैठक में श्री भीमनवार ने कहा कि प्रत्येक चुनाव में सेक्टर ऑफिसर की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए सेक्टर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की हर गतिविधि की जानकारी रखें। सेक्टर अधिकारी मतदान तथा मतगणना के समय समस्त कार्यवाहियों में समन्वय करते हैं। मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की भी उन पर भी जिम्मेदारी होती है। निर्वाचन को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सेक्टर अधिकारी चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुरुप ही निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने केन्द्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर रिपोर्ट के अनुसार अपनी तैयारी कर लें। सामान्य प्रेक्षक श्री भीमनवार ने बैठक में सेक्टर अधिकारियों के कार्य व दायित्व, मतदान प्रक्रिया की जानकारी और ईवीएम मशीनों के सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी के सम्बंध के बारे में भी जानकारी ली।। बैठक में खल्लारी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सृष्टि चंद्राकर,जनपद सीईओ एवं सभी सेक्टर अधिकारी मौजूद थे।

### जनरल आब्जर्वर ने किया मतदान केन्द्र का निरीक्षण



**महासमुंद 13 नवंबर ।** सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल आब्जर्वर (सामान्य प्रेक्षक) श्री जफर मलिक (भा.प्र.से.) के द्वारा बसना विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण किया जिसमें मतदान केन्द्र कन्याशाला भवन पिथौरा, कनिष्ट बुनियादी शाला पिथौरा, मिडिल स्कूल पिथौरा, शासकीय रंजित कृषि उच्चतर माध्यमिक शाला पिथौरा एवं शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम अर्जुनी शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम राजाडेरा, शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम खुशरूपाली का निरीक्षण किया गया जिसमें आने वाले मतदाताओं के आवागमन सुव्यवस्थित करने हेतु निर्देश दिया, उपस्थित नायाब तहसीलदार पिथौरा बसना को आने वाले दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प बनाने एवं व्हील चेयर रखने का निर्देश दिया गया, भ्रमण के दौरान लाइजनिंग आफिसर श्री अनिल भास्करन (उप वनमण्डलाधिकारी सरायपाली). नायब तहसीलदार पिथौरा प्रकृीति सिंग, ए.बी.ई.ओ. द्वारका पटेल, क्षेत्र के पटवारी, बी.एल.ओ. आदि मौजूद थे।

### असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की सभा 14 को खुर्सीपार में



**भिलाई नगर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा मंगलवार 14 नवंबर को खुर्सीपार में जनसभा को संबोधित करेंगे।

श्री सरमा जोन -1 शिवालय में संध्या 06 बजे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय के पक्ष में प्रचार करेंगे। उनकी जनसभा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।

## एक नजर

### कटघोरा विस के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय संबंधी लेखा मिलान के लिए तिथि निर्धारित

**कोरबा, 11 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु विधानसभा क्षेत्र कटघोरा के सभी प्रत्याशियों को नाम-निर्देशन जमा करने के पश्चात् समय-समय पर व्यय लेखा प्रस्तुत किया जाना है। इस हेतु 10 एवं 14 नवंबर को व्यय लेखा मिलान हेतु तिथि निर्धारित की गई है। रिटर्निंग ऑफिसर कटघोरा द्वारा विधानसभा क्षेत्र -22 कटघोरा के सभी प्रत्याशियों को स्वयं के व्यय संबंधी जानकारी उपरोक्त तिथि को सामान्य निर्वाचन शाखा कार्यालय कोरबा मे स्वयं या अभिकर्ता की उपस्थिति में व्यय लेखा मिलान कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर किया जा सकता है संपर्क

**कोरबा, 11 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रामपुर और कोरबा विधानसभा हेतु प्रेक्षक प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक सी. के. जमातिया. (आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।. इसी तरह व्यय आब्जर्वर ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

### मतगणना दिवस पर मतगणना क्षेत्र में स्थित मदिरा दुकानें रहेंगी बंद

**कोरबा, 11 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार ने विधानसभा चुनाव 2023 के तहत मतगणना दिवस 03 दिसंबर 2023 (रविवार) को मतगणना क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी मदिरा दुकाने, विदेशी मदिरा दुकाने, होटलबार, क्लब आदि जैसे- एफएल 1 (घघ), एफएल 1 (घघ कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ कम्पोजिट), एफएल 2,3,3 (क,ख,ग) 4,4(क),5,5(क) 6,7,8,9,9(क) एवं सीएस-1(ख), सी.एस. 1-ग, एफएल.10, 10(क)(ख) को पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश दिए हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 संबंधी कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देश अनुरुप कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मतगणना दिवस पर पूर्णतः शुष्क दिवस घोषित करते हुए मतगणना स्थल आईटी कॉलेज झगरहा क्षेत्र के विभिन्न देशी/विदेशी/कम्पोजिट/प्रीमियम/ एफएल 3, 3ए मद्यभाण्डागार को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु निर्देश जारी किया गया है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में अतिरिक्त वोटिंग मशीनों का रेंडमाइजेशन

**कोरबा, 11 नवंबर।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत जिले में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों के कमीशनिंग उपरांत सभी रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त मशीनों की मांग पर आवश्यक वोटिंग मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। अतिरिक्त ईव्हीएम व व्हीव्हीपेट मशीनों के प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में आवश्यक कंट्रोल यूनिट, बेलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपेट यूनिट का सभी रिटर्निंग अधिकारियों की मांग संख्या के अनुसार रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें चारों विधानसभा हेतु कुल 51 कन्ट्रोल यूनिट, 93 बेलेट यूनिट एवं 128 व्हीव्हीपेट यूनिट का रेंडमाइजेशन हुआ। कलेक्टर कार्यालय में हुई इस रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, जिला मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी एवं चारों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी सहित राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी थे। गौरतलब है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 अंतर्गत विगत 7 नवम्बर से 09 नवम्बर 2023 तक ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों के कमीशनिंग कार्य पूर्ण किया गया। जिसके उपरांत सभी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा मतदान कार्य पूर्ण कराने हेतु अतिरिक्त वोटिंग मशीनों की मांग पर आवश्यक बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व व्हीव्हीपेट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन आज किया गया।

### बस, ट्रक जैसे बड़े वाहनों की भी करें सघन जांच : कलेक्टर

# वाहनों के जांच अभियान में और तेजी लाएं कर्मी : अवनीश शरण

- बैंकों से लेनदेन की रिपोर्ट नहीं मिलने पर जताई नाराजगी
- बेहतर काम करने वाली निगरानी टीमों को मिलेगा पुरस्कार
- कलेक्टर ने ली खर्च निगरानी से जुड़े नोडल अफसरों की आकस्मिक बैठक



**बिलासपुर, 11 नवंबर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने वाहनों की चेकिंग अभियान में और तेजी लाने को कहा है। कार्रवाई बढ़ाकर ज्यादा मात्रा में अवैध सामानों की बरामदगी के निर्देश दिए। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए गठित एसएसटी एवं एफएसटी सहित पुलिस एवं आबकारी टीमों की वर्तमान कार्रवाई को कलेक्टर ने नाकाफी बताया है। उन्होंने टीमों को छोटे वाहनों के अलावा बस, ट्रक जैसे बड़े वाहनों की भी सघन जांच करने की कड़ी हिदायत दी है। कलेक्टर आज चुनाव में अवैध सामग्रियों के वितरण एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए गठित टीमों के नोडल अधिकारियों की आकस्मिक बैठक लेकर इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावी कार्रवाई के लिए एसएसटी टीमों के वर्तमान स्थलों का युक्तियुक्तकरण कर बदलने को भी कहा है। अवैध सामग्रियों की बरामदगी में बेहतर काम करने वाली टीमों को पुरस्कार देने की घोषणा भी कलेक्टर ने की है। कलेक्टर शरण ने बैठक में कहा कि मतदान के लिए अब 5-6 दिन ही बच गए हैं। जांच एवं कार्रवाई की गति अब हमें बढ़ानी होगी। चुनाव आयोग की अपेक्षा के अनुरूप और ज्यादा मात्रा में बरामदगी की कार्रवाई करना होगा। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में आबकारी विभाग के नियंत्रण में कई डिस्टलरी एवं बॉटलिंग यूनिटें हैं। निगरानी बढ़ाकर प्रकरण दर्ज किये जाएं। गांवों में शराब वितरण की शिकायतें मिल रही हैं। आबकारी एवं पुलिस गश्त बढ़ाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। एयरपोर्ट एवं रेलवे ऑथरिटी को भी सघन चेकिंग कर तत्काल रिपोर्टिंग करने को कहा है। बैंकों द्वारा बड़े रकम की निकासी के संबंध में रिपोर्टिंग नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर की। खातों से पूपीआई के जरिए भुगतान पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। एसपी संतोष सिंह ने भी कार्रवाई की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। टीम में मौजूद सुरक्षा अधिकारी भी जांच में मदद करेंगे। जांच प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत ने भी निगरानी टीमों को बेहतर काम के लिए टिप्स दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी ने प्रतिदिन हुई कार्रवाई की एकीकृत रिपोर्ट शाम 5 बजे उपलब्ध कराने को कहा है ताकि जानकारी आयोग को भेजी जा सके। जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, एडिशनल एसपी अर्चना झा भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

### शहीदों के नाम दिया जला कर मनाई दिवाली



**छुरा, 14 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के बजरंग चौक में दिवाली के सुअवसर पर देश पर अपनी कुर्बानी देने वाले शहीदों को याद कर उनके नाम से दिया जलाया गया एवम देश की समृद्धि की कामना की गई दीप प्रज्ज्वलन कर हनुमान चालीसा,आरती,स्तुति एवं जायकारा लगाया गया स्थल में भोला प्रसाद पांडेय,मेषनंदन पांडेय,समाज सेवी शीतल ध्रुव,मानसिंह निषाद, लोकेश्वर यादव, योगाचार्य मिथलेश सिन्हा,नरेंद्र पटेल,दुर्गेश साहू, महेंद्र पटेल,एवं नगरवासी उपलब्ध रहे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया

**कोरबा, 11 नवंबर।** जिले के दीपका थानांगत ग्राम सिरकीखुर्द निवासी बाइक चालक युवक को गत रात्रि पाली-दीपका मार्ग में अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मारकर रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाये जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिरकीखुर्द थाना दीपका निवासी विरेंद्र सिंह पोर्ते उम्र 22 पिता मिलन सिंह पोर्ते गत रात्रि दीपका में अपना काम निपटाकर अपनी बाइक से वापस घर ग्राम सिरकीखुर्द लौट रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान एक अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद घायल को जिला अस्पताल लाया गया। यहां उसकी मौत हो गई।

### भगवान धनवन्तरी जयंती समारोह आयोजित

# आयुर्वेद में बताये नियमों को अपनाने से होती है निरोगी काया की प्राप्ति : निर्मला

**कोरबा, 11 नवंबर।** 10 नवम्बर को शिव औषधालय, आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद एवं पतंजलि चिकित्सालय के सयुंक्त संयोजकत्व में वैद्य निर्मल अवस्थी राष्ट्रीय समन्वयक, लोक स्वास्थ्य परंपरा संवर्धन अभियान दिल्ली भारत, के मुख्य आतिथ्य में, डॉ. प्रदीप जैन जिला आयुर्वेद अधिकारी कोरबा की अध्यक्षता में एव? रणधीर पांडे नमामी हसदेव अभियान प्रमुख, लायन शिव जायसवाल अध्यक्ष लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट तथा वैद्य दुर्जन यादव परंपरागत वैद्य संघ के संरक्षक के विशिष्ठ अतिथ्य में शिव औषाधालय एम.आई.जी. -20 राजेन्द्र प्रसाद नगर, फेस-2 में सम्पन्न हुई।

सर्वप्रथम अतिथिगणों, आगंतुको चिकित्सकों तथा धनवन्तरी जयंती समारोह में पधारे सभी गणमान्य नागरिकों द्वारा भगवान धन्वन्तरी का षोडशोपचार पूजन करके आरती की गई। भगवान धन्वन्तरी का षोडशोपचार पूजन शिव औषधलय के संस्थापक नाड़ी वैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा एवं पंडित सत्यम शर्मा द्वारा कराया गया। भगवान धनवन्तरी के पूजन एवं आरती के पश्चात रमाशंकर त्रिवेदी द्वारा धन्वन्तरी वंदना का पाठ किया गया। धन्वन्तरी वंदना के पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत शिव औषधालय के संस्थापक नाडी वैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा चिकित्सक डॉ नागेन्द्र नारायण शर्मा डॉ युगेश नारायण शर्मा, डॉ.जितेंद्र नारायण शर्मा एवं प्रतिभा शर्मा द्वारा तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर किया। स्वागत के पश्चात जांजगीर-चाम्पा जिले के एक शाम शहिदों के नाम के गायक डॉ.रवि सराफ एवं कोरबा जिले के एक शाम शहिदों के नाम के गायक संदीप शर्मा ने ईश्वर भक्ति एवं राष्ट्र भक्ति की शानदार प्रस्तुति कर सभी को भक्ति एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। धनवन्तरी जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रदीप जैन ने सभी को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस एवं धन्वन्तरी जयंती की बधाई देते हुए सभी को निरोगी जीवन हेतु आयुर्वेद जीवनशैली को अपनाने की सलाह देते हुये कहा कहा की आयुर्वेद सर्वश्रेष्ठ निरापद एवं दैवीय चिकित्सा पद्धति है आयुर्वेद चिकित्सा करना आयुर्वेद का प्रचार प्रसार करना पवित्र, पूण्यतम एवं महान कार्य है, और शिव औषाधलय एवं उनके परिवार द्वारा जो यह पूण्य कार्य किया जा रहा है उसके लिए वे साधूवाद के पात्र हैं। समारोह के मुख्य अतिथि निर्मल अवस्थी ने पहला सुख निरोगी काया को बताते हुए कहा कि वास्तव में निरोगी काया की प्राप्ति भी सिर्फ और सिर्फ आयुर्वेद में बताये गए नियमो का पालन करने से ही होगी। क्यू की स्वस्थ मन के बिना स्वस्थ तन अर्थात काया की कल्पना करना ही संभव नही और मन के विषय में मन की प्रसन्नता और उसके स्वास्थ्य के विषय में यदि किसी चिकित्सा पद्धति में वर्णन है तो वो सिर्फ और सिर्फ आयर्वेद में ही है अतः हम सभीको प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सा के लिए सर्वप्रथम आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। दीपावली का यह पांच दिनों का त्यौहार जिसकी शुरुआत ही धनतेरस पर्व से होती है, वास्तव में धनतेरस नाम से तात्पर्य आरोग्य के देवता आयुर्वेद प्रवर्तक भागवान धनवन्तरी के प्राकट्य दिवस के कारण पड़ा।

### सूरजपुर से फिर आया हाथियों का दल, केंदई रेंज में बढ़ी परेशानी

**कोरबा, 11 नवंबर।** जिले के वनमंडल कटघोरा एवं कोरबा के जंगलों में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं जिससे वन विभाग एवं ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है।



11 हाथियों का दल एक बार फिर केंदई रेंज के छिंदिया परिसर में सूरजपुर से पहुंच गया है जबकि कोरबी परिसर में 47 हाथी अभी भी जमे हुए हैं। सूरजपुर से पहुंचे हाथियों के दल को मिलाकर केंदई रेंज में सक्रिय हाथियों की संख्या 58 पहुंच गई है। हालांकि हाथियों ने अभी कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन देर-सबेर उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग सतर्क हो गया है। अमले द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। हाथियों की मौजूदगी वाले छिंदिया के साथ-साथ कोरबी एवं आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि बड़ी संख्या में हाथी क्षेत्र में घूम रहे हैं अतरू उनसे दूरी बनाए रखें। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में भी हाथी समस्या कायम है। यहां 26 की संख्या में घूम रहे हाथियों ने गीतकुंआरी गांव में लगभग एक दर्जन किसानों की फसल को रौंद दिया है। जबकि एक दंतैल हाथी चचिया परिसर में घूम रहा है। वन विभाग द्वारा गीतकुंआरी में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया गया है।

### गेवरा माइंस में फिर हुआ हादसा:

# आग की लपटों से घिरा 240 टन का डम्पर

**कोरबा, 11 नवंबर।** कोल इंडिया और विश्व में सबसे अव्वल दर्जे की कोयला खदान गेवरा में पिछली रात्रि हुए हादसे में एक उच्च क्षमता वाला डम्पर आग की लपटों से घिर गया। इसके काफी हिस्से को नुकसान पहुंचा। आंकलन है कि एसईसीएल को इसके चलते लंबी चपत लगी है। मूल्यांकन के बाद वास्तविक क्षति की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



जानकारी के अनुसार गेवरा खदान के ईस्ट सेक्शन आनंद वाटिका के पास कटर पिलर कंपनी 240 टन डंपर क्रमांक 1127 जलकर खाक हो गया। घटना शुक्रवार को हुई। बताया गया कि डंपर पहले से ब्रेकडाउन था जिसे रामदेव देवांगन डंपर ऑपरेटर इसको चला रहे थे। डंपर के इंजन से अचानक धुंआ निकलने लगा और कुछ देर बाद उसमें आग लग गई। तत्काल इस बारे में माइंस रेस्क्यू और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई ताकि नियंत्रण किया जा सके। फायर पार्टी की पहुंचने के पहले डंपर पूरी तरह आग के चपेट में धूं-धूं कर जल रहा था। इससे पहले भी गेवरा माइंस में इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी है जिनमें 240 टन क्षमता की डंपर आग की भेंट चढ़े हैं और प्रबंधन के लिए सिरदर्द साबित हुए हैं। इस तरह की घटना के पीछे मुख्य रूप से तकनीकी कारण बताए जा रहे हैं और इसके साथ ही समय पर पर्याप्त रखरखाव व उचित कार्यवाही नहीं किये जाने को भी जिम्मेदार बताया जा रहा है। फिलहाल गेवरा में जो कुछ हुआ उसने सवाल तो खड़े कर ही दिए हैं।

याद रहे काफी समय पहले इसी परियोजना में बुलाए गए सैकड़ों डम्पर लंबे समय तक कामकाज का हिस्सा नहीं बन सके लेकिन इसके बावजूद संबंधित कंपनी को भुगतान करना पड़ा। कोलफील्ड्स में अलग-अलग तरह के मामलों की चर्चा समय-समय पर होती रही है और इनसे जुड़ी पृष्ठभूमि को लेकर जांच की आंच ने भी अधिकारियों को परेशान किया है। देखना होगा कि आगजनी के मामलों को लेकर आगे क्या नतीजे आते हैं।

## समाचार संक्षेप

### महतारी वंदन योजना का फार्म भराये जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष एवं एक पार्षद को शो कॉज नोटिस

**बिलासपुर, 11 नवंबर।** विधानसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में बिलासपुर के भाजपा जिला अध्यक्ष एवं एक पार्षद को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर बिलासपुर डॉ. सुभाष सिंह राज ने प्राप्त शिकायत के आधार पर दोनों को नोटिस जारी कर 24 घण्टे के भीतर जवाब तलब किया है। शिकायत के अनुसार निगम के वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद अशोक विधानी द्वारा हेमू नगर स्थित भाजपा कार्यालय में अपने भाई राजू विधानी से महतारी वंदन योजना से संबंधित फार्म भराया जा रहा है। जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रूपये की सहायता दी जायेगी। फार्म भरने के एवज में अशोक विधानी द्वारा प्रथम किश्त के रूप में एक-एक हजार रूपये की राशि भी कार्यालय से दी जा रही है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (2) एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 सी के तहत चुनाव में इस तरह का प्रलोभन देना प्रतिबंधित एवं दण्डनीय अपराध है। इसलिए शिकायत एवं आवेदन प्रारूप के संबंध में अपना स्पष्टीकरण 24 घण्टे के भीतर रिटर्निंग अफसर के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### डेढ़ हजार कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**कोरबा, 11 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ की सरकारी मशीनरी को विधानसभा चुनाव संपन्न करने के लिए आवश्यक जिम्मेदारियां दी है. बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगाई गई है. देखने को मिल रहा है कि प्रशिक्षण से लेकर अन्य संबंधित कामकाज में कर्मचारी लापरवाही दिखा रहे हैं. जिला प्रशासन कोरबा ने ऐसे मामलों को लेकर डेढ़ हजार कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. वर्ष 2018 में चुनी गई सरकार का 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के साथ विधानसभा का चुनाव कराया जा रहा है. भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा अधिसूचना जारी करने के बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है. इसके अंतर्गत अलग-अलग स्तर पर प्रशिक्षण से लेकर दूसरी गतिविधियों पर काम किया जा रहा है. प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मियों की ड्यूटी इन कार्यों में लगाई गई है और उन्हें पूरी ईमानदारी के साथ काम करने के लिए कहा गया है. फिर भी अनेक मौके पर अलग-अलग कारण बताकर कर्मचारी काम करने से पीछा छुड़ा रहे हैं. ऐसी लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर एक्शन लिया जा रहा है. उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे ने बताया कि इस तरह के मामलों में प्रशासन ने डेढ़ हजार कर्मचारियों को नोटिस दिया है।

### मतदाताओं को साधने पर ध्यान दे रहे प्रत्याशी

**कोरबा, 11 नवंबर।** एक सप्ताह बाद मतदाताओं तय करेंगे कि उनके मन में क्या चल रहा है और वे ईवीएम पर कौन से नंबर का बटन अपनी अंर्तआत्मा की आवाज पर दबाएंगे। इससे पहले दीपावली को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को साधने के लिए अनेक प्रत्याशी अपने तरीके से कोशिश में जुटे हैं। इसके साथ ही उनके सर्विस प्रोवाइडर पर दूसरे तंत्र से निगरानी भी कराई जा रही है कि जो सामान उन्हें दिया गया है, वह पात्र लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं। कोरबा और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में इस तरह की व्यवस्था को लेकर खबरें लगातार आ रही है। यह सब वर्चस्व और भविष्य को ध्यान में रखने के साथ किया जाना लाजिमी समझा जा रहा है। बताया गया कि मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए राजनीतिक दलों की ओर से पहले ही घोषणा पत्र जारी कर दिया गया है और कई लुभावने बिंदु उसमें शामिल किये गए हैं। निःसंदेह इनका काफी असर मतदाताओं की मानसिकताओं पर होगा ही। इसके बावजूद कई फैक्टर ऐसे होते हैं जो मतदाताओं की अपेक्षा को और ज्यादा बढ़ाने का जरिया बनते हैं। ऐसे में सक्षम श्रेणी वाले राजनीतिक दल अपने स्तर पर गोपनीय तरीके से ऑफर को लांच करते हैं, चुनाव के सीजन में यह सब सामान्य माना जाता है और इस बार भी इस प्रयोग को जमीन पर उतारा गया। सूत्रों ने बताया कि कहीं शॉल तो कहीं मौसम के हिसाब से गर्म कपड़े और कहीं-कहीं दीपावली की मिठाई से लेकर दूसरे उपहारों के माध्यम से मतदाताओं के साथ अपने रिश्तों को फेविकोल के जोड़ जैसी मजबूत कोशिश की जा रही है।

### 1975 से शुरु हुआ सफर 2023 के विश्वकप में सेमीफाइनल तक पहुंचा

jasclaudius@gmail.com

# जरा हट के, जरा बच के, ये है क्रिकेट मेरे यार

✍ जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

1983, 2011 में दो बार की सीमित ओवर एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट की विजेता भारत ने अपनी 2023 के अपराजित यात्रा को तय करके सेमीफायनल में जगह बना ली है। वही दूसरी तरफ 2015 व 2019 के विश्वकप क्रिकेट के फायनल दौर तक पहुंची न्यूजीलैंड की टीम ने इस बार फिर कमाल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार सेमीफायनल में जगह बना ली है। क्रिकेट की लोकप्रियता की जब भी, जहां कही भी चर्चा होती है तो उसके अनिश्चित परिणाम और नियमित रूप से बनते-बिगड़ते कीर्तिमान को इसका श्रेय जाता है। भारतीय टीम ने 2023 में कमाल का प्रदर्शन किया है और राउंड राबिन आधार पर खेले गये अपने सभी 9 मैच में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ा है। भारत ने नीदरलैंड्स को 160 रन, दक्षिण अफ्रीका को 243 रन, श्रीलंका 302 रन, इंग्लैंड को 100 रन, न्यूजीलैंड को 4 विकेट, बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, पाकिस्तान को 7 विकेट, अफगानिस्तान को 8 विकेट तथा आस्ट्रेलिया को 6 विकेट से पराजित किया। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड को 9 विकेट, नीदलैंड्स को 99 रन, बांग्लादेश को 8 विकेट से, अफगानिस्तान को 149 रन और श्रीलंका को 5 विकेट से हराया था जबकि उसे भारत के हाथों 4




विकेट, आस्ट्रेलिया से 5 रन, दक्षिण अफ्रीका से 190 रन, पाकिस्तान से 21 रन से शिकस्त मिली थी। निरंतर सफलता कभी-कभी किसी भी खेल के किसी भी टीम के लक्ष्य को सेमीफायनल या फायनल में अटका देती है। भारत की ओर से बल्लेबाजी में विराट कोहली ने 9 मैच में 594 रन बनाये हैं जो कि किसी एक खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक है। फिर चौथे स्थान पर रोहित 503 रन बनाकर आठवें स्थान पर हैं। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के खिलाड़ी रचीन रवींद्र 565 रन बनाकर तीसरे स्थान पर है। डेरिल मिचेल 418 रन बनाकर नौवे स्थान पर हैं। गेंदबाजी में बुमराह 17 विकेट के साथ 5वें, रविन्द्र जडेजा और शमी 16 विकेट के साथ सातवे स्थान पर हैं। अर्थात् यह कह सकते हैं कि दोनों टीम में विलक्षण प्रतिभा के धनी खिलाड़ी हैं। सभी मैच को जीत लेने और राउंड राबिन में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से परास्त करने के कारण भारत के हौसले बुलंद हैं। दूसरा पक्ष भी बहुत मजबूत है। न्यूजीलैंड की टीम इस बार भारत में विश्व कप जीत लेने के संकल्प के साथ आई है। पिछले दो विश्व कप के फाइनल में उसे क्रमशः आस्ट्रेलिया व इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था परंतु इस बार वे अपनी गलती को भूलकर भारत के खिलाफ सेमीफायनल को जीतने के लिए सब कुछ दांव में लगा देंगे। सेमीफायनल में भारत के गेंदबाजों को अपनी गेंद की दिशा व लाइन को स्टंप पर रखना होगा। रचीन रवींद्र और डेरिल मिचेल के बल्लेबाजी को पर तोड़ने के लिए गेंदबाज, विकेटकीपर तथा क्षेत्ररक्षकों को करनी होगी। इसके अलावा भारत के बल्लेबाजी क्रम में थोड़ी भी दरार आने से नये बल्लोजों को कड़ी न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने संयम का परिचय देकर स्कोर बनाना होगा। सेमीफायनल का चाहे जो परिणाम हो हमारे दर्शकों को अनुशासन में रहना अति आवश्यक है क्योंकि अब प्रत्येक मैच के परिणाम के बाद दर्शकां की प्रतिक्रिया का महत्व बढ़ गया है।

# अंतिम चरण में धुआंधार चुनाव प्रचार

## प्रियंका का रोड शो राजधानी में, भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों को प्रचार के लिए भेजा

तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 14 नवम्बर।** राजधानी सहित 70 विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए धुआंधार प्रचार अभियान भाजपा और कांग्रेस ने शुरू कर दिया है। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का रोड शो आज राजधानी में होगा। भाजपा की ओर से स्मृति ईरानी, हिमंता बिस्व सरमा, अनुराग ठाकुर सहित अनेक नेता भाजपा का चुनाव प्रचार करने अलग-अलग स्थानों पर गए हैं। कांग्रेस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अनेक जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। राजधानी रायपुर की चारों सीटों में सभी नेता बैठकें ले रहे हैं। 17 नवम्बर को मतदान होगा। 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार थम जाएगा। इसलिए आज कांग्रेस का रोड शो आयोजित किया गया है।



### स्मृति ईरानी का आरोप

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां पर चुनाव प्रचार के लिए आ रहीं हैं। उन्होंने कांग्रेस पर अनेक गंभीर आरोप लगाए हैं। महादेव सट्टा एप को लेकर मुख्यमंत्री की भूमिका तथा इस संबंध में हो रही कार्रवाई को लेकर उन्होंने सरकार को घेरा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा गरियाबंद में हैं। इसके अलावा सांसद पंडा सरायपाली में प्रचार कर रहे हैं। यहां उड़िया तथा गाड़ा समाज को वे साधेंगे। भाजपा ने यहां सरला कोसरिया को उम्मीदवार बनाया है।

कांग्रेस नेताओं के अनुसार आज शाम राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का रोड शो होगा। फायर ब्रिगेड चौक में वे अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कोतवाली चौक से आगे तक रोड शो में भाग लेंगी। कार्यकर्ताओं में उनके रोड शो को लेकर काफी उत्साह है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी के भी आने की सूचना है। वे अलग-अलग स्थानों पर जाकर चुनाव प्रचार करेंगे।

### मतदान के लिए तीन दिन शेष, बढ़ाई गई चौकसी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी सर्विलांस टीम एवं एनफोर्समेंट एजेंसीज को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एजेंसियों के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में मतदान प्रक्रिया होगी, लिहाजा मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने तथा मतदाताओं को लुभाने अवैध तरीके से फ्रीबीज, शराब, नकद राशि व प्रलोभन दिए जाने वाली वस्तु/सामग्रीं का परिवहन किया जा सकता हैं। जिसे रोकने के लिए सभी को अलर्ट मोड पर कार्य करना हैं, ताकि जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन कार्य संपन्न हो सकें। स्थैतिक निगरानी दलों को निर्देशित करते हुए कहा कि टीम आगामी निर्वाचन प्रक्रिया तक विशेष रूप से अलर्ट रहे। इसके साथ ही एक जगह पर न रहते हुए लोकेशन चेंज करते रहें। उन्होंने टीम को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर कार्य करें, टीम में सहयोग व सुरक्षा हेतु केंद्रीय सुरक्षा बलों के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

# बसों के अधिग्रहण से यात्री परेशान

तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 14 नवम्बर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव के चलते पुलिस द्वारा की जा रही वाहनों की चेकिंग से लोग परेशान हैं। बड़ी संख्या में यात्री बसों का अधिग्रहण कर लिया गया है जिसके कारण भाईदूज, गोवर्धन पूजा के लिए लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

विधानसभा चुनाव के कारण राज्य में आचार संहिता लगी हुई है। इसकी आड़ में अब पुलिस वाले जिले के अंदर और जिले के बाहर निरंतर चेकिंग कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग में यात्रा करने वालों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायत की है कि जिले के अंदर तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिर्फ अंतर्राज्यीय सीमा में वाहनों की चेकिंग होनी चाहिए लेकिन जिलों में भी वाहनों की चेकिंग जारी है जिसके कारण लंबी दूरी पर जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार मादक पदार्थों, अवैध रूप से लाए जा रहे नकदी तथा अन्य सामानों की जब्ती के लिए वाहनों की चेकिंग करना जरूरी है। अंतर्राज्यीय सीमा पर भी जांच होनी अच्छी बात है लेकिन प्रत्येक जिले की सीमा पर वाहनों की जांच होने से लोग परेशान हो गए हैं। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है।

राज्य में चुनाव के कारण बड़ी संख्या में बसों का अधिग्रहण किया जा रहा है जिसके कारण दीपावली पर्व में ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वालों को काफी परेशानी हो रही है। रायपुर में भाठागांव, टाटीबंध तथा तेलीबांधा में यात्री बस पकड़ने वाले घंटों इंतजार करते रहते हैं। कवर्धा, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव जाने वाली बसों की संख्या में भी काफी कमी आई है। राज्य में इस समय चुनाव के कारण जिले में बड़ी संख्या में वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसमें मतदान दलों को बाहर ले जाया जाएगा। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। अब यहां धुआंधार चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो गया है।





# गोवर्धन पूजा पर राजधानी के मठों व मंदिरों में अन्नकूट

## राउत नाचा भी शुरू

तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 14 नवम्बर।** दीपावली पर्व पर अन्नकूट महोत्सव आज राजधानी के ठाकुर रामचंद्र स्वामी को छप्पन भोग अर्पण किया गया। प्रदेश में आज ग्रामीण क्षेत्रों में गायों की पूजा की गई। आज से राउत नाचा भी शुरू हो गया है। दीपावली त्योहार इस वर्ष 6 दिनों का मनाया जा रहा है। आज जैतूसाव मठ मंदिर पुरानी बस्ती तथा दूधाधारी मठ सहित अनेक मंदिरों में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य करने वाले बैलों की भी पूजा अर्चना की गई। आज राजधानी में अनेक स्थानों पर अन्नकूट एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद भाईदूज का त्योहार मनाया जाएगा। आज भी राजधानी में अनेक कार्यकमों का आयोजन किया गया। दीपावली त्योहार के अवसर पर अनेक स्थानों पर दीपावली मिलन का आयोजन किया गया।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23